GE
नगर संस्करण
सांध्य दैनिक
# गुड इवनिंग
इंदौर-भोपाल-ग्वालियर से प्रकाशित

पेज-7 अर्जुन बाबुता स्वर्ण से चूके, भारत पदक तालिका में तीसरे स्थान पर



अलग अंदाज़, अलग नज़रिया | इंदौर, सोमवार, 21 अप्रैल 2025 | मूल्य एक रुपए | ■ पृष्ठ : 8 ■ वर्ष : 09 ■ अंक : 32
www.goodeveninglive.com | https://www.facebook.com/goodevening01 | www.goodeveningonline.com

## Short News

### बेंगलुरु एयरपोर्ट पर खड़े विमान से टकराया टेंपो ट्रैवलर



**बेंगलुरु।** अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे बेंगलुरु में एक अप्रत्याशित घटना हो गई। यहां इंडिगो एयरलाइन के खड़े विमान से एक टेंपो ट्रैवलर टकरा गया। यह घटना 18 अप्रैल, शुक्रवार को हुई, जिसकी जानकारी इंडिगो एयरलाइन ने रविवार को दी। टक्कर के कारण हवाई अड्डे के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। यह विमान तकनीकी खराबी के कारण हवाई अड्डे के अल्फा पार्किंग बे 71 में खड़ा था। टेम्पो ट्रैवलर की टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेंपो की छत क्षतिग्रस्त हो गई।विंडस्क्रीन टूट गई और ड्राइवर को चोटें आईं। यह भी बताया जा रहा है कि टेंपो चला रहे ड्राइवर को झपकी आ गई थी, जिसके कारण हादसा हुआ। हवाई अड्डा प्राधिकरण घटना की जांच कर रहा है।

### बांग्लादेश में हिंदू नेता की अपहरण के बाद पीट-पीटकर हत्या




**ढाका।** उत्तरी बांग्लादेश के दिनाजपुर जिले में हिंदू समुदाय के एक प्रमुख नेता को कथित तौर पर उनके घर से अगवा कर लिया गया और पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी गई। द डेली स्टार अखबार ने बताया कि ढाका से लगभग 330 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में दिनाजपुर के बसुदेबपुर गांव के निवासी भाबेश चंद्र रॉय (58) का शव बृहस्पतिवार रात बरामद किया गया। रॉय की पत्नी शांतना ने द डेली स्टार को बताया कि उन्हें शाम को फोन आया था। लगभग 30 मिनट बाद दो बाइक पर चार लोग आए और भाबेश को अगवा कर ले गए। उन्हें नाराबारी गांव ले जाया गया, वहां उनके साथ क्रूरता पूर्वक मारपीट की गई।

### हिंदी थोपने से हिंदू बंट जाएंगे : मनसे



**मुंबई।** महाराष्ट्र के स्कूलों में हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा बनाए जाने के खिलाफ विरोध बढ़ रहा है। राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने इस मामले में अब सीधे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि मोहन भागवत इस मामले में दखल दें जिससे सरकार इस फैसले को वापस ले ले। महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने जब से थ्री लैंग्वेज पॉलिसी लागू की है, इसके खिलाफ कांग्रेस, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना, मनसे सहित कई विपक्षी दलों ने मोर्चा खोल दिया है। इन दलों ने इसे महाराष्ट्र में हिंदी को थोपने की कोशिश बताया है। थ्री-लैंग्वेज पॉलिसी के तहत कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य तीसरी भाषा बना दिया गया है।

गर्मी का कहर : एमवायएच, हुकुमचंद पॉलीक्लिनिक में ओपीडी फुल

# अस्पतालों में बढ़ रहे हीट स्ट्रोक के मरीज

गुड इवनिंग, इंदौर

**भीषण गर्मी ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। पारा लगातार ऊपर चढ़ रहा है। इंदौर में सुबह 8 बजे से ही गर्मी महसूस होने लगी है। ऐसा ही मौसम सोमवार को भी बना रहेगा। इसके चलते बच्चों को ज्यादा परेशानी हो रही है। हीट वेव के केस अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। ओपीडी में जितने मरीज रोजाना आते हैं, वर्तमान में उनमें से करीब 30 फीसदी गर्मी से प्रभावित लोग होते हैं। एमवाय, हुकुमचंद पॉलीक्लिनिक, गीता भवन सहित सभी अस्पतालों में गर्मी से परेशान मरीजों पहुंचने लगे हैं। उधर, स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचाव के लिए जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कई जगह उल्टी, डीहाइड्रेशन के मरीज बढ़ रहे हैं।**



इंदौर में दिनभर की तेज धूप और उमस ने लोगों को परेशान कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दो से तीन दिन भी तेज गर्मी का दौर जारी रहेगा। गुरुवार को दिन का अधिकतम तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक था। शनिवार-रविवार को दिनभर झुलसाने वाली गर्मी रही। वहीं, रात में भी माहौल गर्म रहने से आमजन को राहत नहीं मिली।

रविवार को सुबह से तेज धूप और गर्म हवाओं का असर रहा। मौसम वैज्ञानिक अभिजीत चक्रवर्ती ने बताया, इंदौर और आसपास के इलाकों में तापमान अगले दो से तीन दिन और बढ़ने की संभावना है, जिससे लू के हालात बने रह सकते हैं। इसके चलते सभी को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

**लू से बचें, बाहर न निकलें :** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएस सेतिया ने बताया, अत्यधिक गर्मी में लू लगना गंभीर कारण बन सकता है। विशेष रूप से बुजुर्ग, बच्चे, खिलाड़ी और धूप में काम करने वाले मजदूर सबसे अधिक खतरे में रहते हैं। गर्म, लाल व शुष्क त्वचा, सिरदर्द, थकावट, चक्कर आना, उल्टी, बेहोशी और आंखों की पुतलियों का सिकुड़ना इसके प्रमुख लक्षण हैं।

**डॉक्टर बीएस सेतिया ने बताया :** गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। खाली पेट न रहें। शराब व कैफीन युक्त पदार्थों से बचें। सिर ढंककर रखें। ढीले और पूरी बांह के कपड़े पहनें। बच्चों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़ें। दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक बाहर न निकले। ओआरएस घोल, नारियल पानी, छाछ और फलों का रस लें।

### एमपी के 14 जिलों में 3 दिन लू का अलर्ट

#### सीधी, शिवपुरी सबसे गर्म, यहां का पारा 44 डिग्री

**भोपाल।** मौसम विभाग की ओर से सोमवार से चार दिन तक लू का असर रहेगा। प्रदेश की तीन सीमावर्ती जिलों में लू का अलर्ट जारी किया गया है। इन 14 जिलों में सोमवार से 24 अप्रैल तक गर्म हवाएं चलेंगी। एमपी में पिछले 24 घंटे में सीधी और शिवपुरी सबसे गर्म रहा। यहां 44 डिग्री पारा रिकॉर्ड किया गया। रविवार को भोपाल में 40 तो इंदौर, उज्जैन में 39 डिग्री रहा। अगले चार दिन मध्य क्षेत्र और दो सीमावर्ती 39 जिलों का मौसम शुष्क रहेगा। उसके बाद गर्मी में तेजी आएगी और करीब 1 से 2 डिग्री तक तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है।

**इन जिलों में रहेगा लू का असर :** गुजरात, राजस्थान से सटे एमपी के नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर, मालवा, राजगढ़, गुना, अशोक नगर, शिवपुरी, श्योपुर, उत्तरप्रदेश से सटे निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना सहित मउगंज, सीधी में लू का असर रहेगा।

# पूरी भाजपा कैबिनेट बदलेगी
## मंत्रिमंडल में फेरबदल का ऐलान



नई दिल्ली, एजेंसी

राजनीति में एक बड़ा संगठनात्मक फेरबदल जल्द देखने को मिल सकता है। भाजपा इस वीकेंड तक पांच राज्यों के लिए नए प्रदेश अध्यक्षों के नाम का ऐलान कर सकती है। इसके तुरंत बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, अप्रैल के अंत तक बीजेपी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल सकता है, जो 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी की नई दिशा और रणनीति तय करेगा।

भाजपा के संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले कम से कम 50 प्रतिशत राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति होनी जरूरी है। अब तक 14 राज्यों में नए अध्यक्ष चुने जा चुके हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे बड़े राज्यों में यह पद अभी खाली है। इस हफ्ते इन राज्यों के लिए नामों का ऐलान हो सकता है।

**बड़े नेताओं के बीच अहम बैठकें :** इस पूरे घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, संगठन महामंत्री बीएल संतोष और मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं। यह मंथन अगले अध्यक्ष के चयन और संगठनात्मक बदलावों की ओर इशारा करता है।

**कैबिनेट में भी हो सकता है फेरबदल :** बीजेपी अध्यक्ष के चुनाव के बाद मोदी कैबिनेट में भी विस्तार और फेरबदल की संभावनाएं जताई जा रही हैं। माना जा रहा है कि इसमें एनडीए सहयोगी दलों जैसे एनसीपी, शिवसेना और बिहार के नेताओं को भी जगह मिल सकती है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

#### किसके नाम की हो रही है चर्चा?

सूत्रों के मुताबिक, अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा इसको लेकर मनोहर लाल खट्टर, धर्मेंद्र प्रधान, और भूपेंद्र यादव जैसे दिग्गज नेताओं के नामों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। इन नामों पर जल्द ही आरएसएस से भी फीडबैक लिया जाएगा।

### मेट्रो सब स्टेशन के विरोध में धरना प्रदर्शन



फोटो : गुड इवनिंग

**इंदौर।** एमजी रोड स्थित छोटा गणपति क्षेत्र में बनने वाले मेट्रो के सब स्टेशन के विरोध में सोमवार को विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। इसका कारण है कि मेट्रो प्रबंधन द्वारा 45 मकानों को हटाने की सूची जारी की गई है। इसके बाद रहवासी और दुकानदारों में नाराजगी है। आज सुबह 10 बजे छोटा गणपति मंदिर के बाहर धरना प्रदर्शन करते क्षेत्र के रहवासी।

# इंडियन फोर्स का यूएई में युद्धाभ्यास

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना की एक टुकड़ी रविवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अल धफरा एयर बेस पहुंची। वायुसेना का दल यहां एक बहुराष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय हवाई युद्धाभ्यास डेजर्ट फ्लैग-10 में हिस्सा लेगा। इसमें भारत और यूएई के अलावा फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कतर, दक्षिण कोरिया और तुर्की जैसे देश शामिल हैं।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, भारतीय वायुसेना के मिग-29 और जगुआर विमान अभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं। यह अभ्यास 21 अप्रैल से 8 मई तक आयोजित किया जाएगा। इस अभ्यास का उद्देश्य दुनिया की कुछ सबसे सक्षम वायु सेनाओं के साथ परिचालन ज्ञान को साझा करना है। इसके अलावा वायुसेना से जुड़ी सर्वोत्तम अभ्यासों के आदान-प्रदान के साथ जटिल और विविध लड़ाकू अभियानों को अंजाम दिया जाएगा। मंत्रालय का कहना है कि इस तरह के अभ्यासों में भाग लेने से आपसी समझ बढ़ती है। साथ ही सैन्य सहयोग



मजबूत होता है। भारतीय वायुसेना की भागीदारी मित्र देशों के साथ रक्षा संबंधों और अंतर-संचालन क्षमता को मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

दिव्य प्रयास : 5000 किमी में 293 स्थानों पर लगाए जाएंगे

# जहां-जहां पड़े श्रीराम के चरण, वहां लगेंगे स्तंभ

### अयोध्या से जनकपुर, श्रीलंका तक लगेंगे 15 फीट ऊंचे स्तंभ

अयोध्या, एजेंसी

भगवान राम के चरण जहां-जहां पड़े, वहां पर श्रीराम स्तंभ स्थापित किया जाएगा। ये श्रीराम स्तंभ आने वाली पीढ़ियों को भगवान राम की संस्कृति को बताने का काम करेंगे। ये सभी स्तंभ मील के पत्थर होंगे जो कई पीढ़ियों को बताएंगे कि कभी भगवान के चरण इस स्थान पर भी पड़े थे। इस संबंध में श्रीराम सांस्कृतिक शोध संस्थान न्यास ने पूरे राम वन गमन मार्ग को चिह्नित करते हुए बड़ा फैसला लिया है। इस फैसले के तहत अयोध्या से जनकपुर और अयोध्या से श्रीलंका तक कुल 292 स्थानों पर श्रीराम स्तंभ लगाए जाएंगे।

इस महायोजना की औपचारिक घोषणा रविवार को रामनगरी अयोध्या के कारसेवकपुरम में दो दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकर्ता सम्मेलन में हुई। इसमें देशभर से आए रामभक्तों, शोधकर्ताओं व समाजसेवियों ने हिस्सा लिया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय ने बताया, श्रीराम के चरणों की पावन स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने की



यह दिव्य कोशिश है।

**यह स्तंभ लगभग 15 फीट ऊंचे होंगे :** श्रीराम वनगमन मार्ग पर 292 महत्वपूर्ण स्थानों को चिह्नित किया गया है। यह वह स्थान हैं, जहां भगवान ने कुछ पल गुजारे हैं। इन सभी स्थानों पर श्रीराम स्तंभ स्थापित किए जाएंगे। यह स्तंभ लगभग 15 फीट ऊंचे होंगे और अयोध्या से लेकर नेपाल तथा श्रीलंका तक लगभग पांच हजार किलोमीटर के पथ पर लगाए जाएंगे। श्रीराम स्तंभ महज एक स्थापत्य चिह्न नहीं होंगे, बल्कि यह हमारी सनातन परंपरा, आस्था और सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक होंगे।

#### हर स्थान का होगा पुख्ता प्रमाण

चंपत राय के मुताबिक, इन सभी स्थानों को वाल्मीकि रामायण, कालिदास कृत रघुवंशम, आदि काव्य एवं अन्य ऐतिहासिक ग्रंथों में वर्णित प्रसंगों के आधार पर चिह्नित किया गया है। इन सभी स्थलों को ऐतिहासिक, पौराणिक और सांस्कृतिक प्रमाण भी रखे गए हैं। एक कॉफी टेबल बुक भी प्रकाशित होगी। इसमें प्रत्येक स्थल का विस्तृत विवरण, उसका ऐतिहासिक संदर्भ, चित्र, स्थान विशेष की महत्ता और श्रीराम के साथ उसका संबंध वर्णित होगा।

#### ये है श्रीराम वन गमन मार्ग

पहली यात्रा विश्वमित्र मुनि के साथ ताड़का वध के लिए हुई। दूसरी यात्रा विवाह के लिए मिथिला तक, तीसरी यात्रा चौदह वर्ष की वनगमन और चौथी यात्रा सिंघलान्क यानी श्रीलंका की यात्रा है। वन यात्रा में चिह्नित स्थान को मानचित्र पर दशार्या गया है। ये स्थान उत्तर प्रदेश, बिहार, नेपाल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र, कर्नाटक तथा तमिलनाडु के नगरों, गांवों, जंगलों, पहाड़ियों तथा समुद्र के किनारे स्थित हैं। कई स्थान तो संरक्षण के अभाव में लुप्त भी हो गए हैं।

# इटली की जेल में पहली बार सेक्स रूम शुरू

### कैदियों को मिलेगा पार्टनर के साथ निजी समय

रोम, एजेंसी



हाल ही में इटली ने कैदियों को अनोखा अधिकार प्रदान किया है। अब यहां के कैदियों को अपने जीवन साथी या पार्टनर के साथ एकांत में दो घंटे का समय बिताने की अनुमति दी गई है। इसके लिए जेलों में विशेष इंटीमेट रूम यानी निजी कमरे बनाए गए हैं। इटली पहला देश है जिसने इतिहास रचते हुए अपनी जेल में पहली बार सेक्स रूम की शुरूआत की है। रूम में कैदी को अपने जीवनसाथी या पार्टनर के साथ यहां अपनी इच्छा पूरी कर सकेंगे। यह व्यवस्था केंद्रीय इटली के उम्ब्रिया क्षेत्र की टर्नी जेल में शुरू की गई है। यह पहल इटली की संवैधानिक अदालत के उस ऐतिहासिक फैसले के बाद शुरू हुई है, जिसमें अदालत ने माना कि कैदियों को अपने जीवन साथी या पार्टनर के साथ निजी मुलाकातों का अधिकार होना चाहिए।

यह प्रयोग सफल रहा तो आने वाले दिनों में अन्य कैदियों को भी इसी तरह की सुविधा दी जाएगी। देखा जाए तो फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, नीदरलैंड्स और स्वीडन सहित कई यूरोपीय देशों में पहले से ही वैवाहिक मुलाकातों की अनुमति है।

# परिचय सम्मेलन में समाजजन ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

## यादव अहीर समाज के सम्मेलन में तय हुए 45 रिश्ते, मंत्री विजयवर्गीय बोले- व्यावसायिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बन रहा है यादव समाज

गुड इवनिंग, इंदौर

अखिल भारतीय यादव अहीर समाज का परिचय सम्मेलन रविवार को पंचकुइया स्थित श्रीराम मंदिर में आयोजित किया गया। इसमें युवक-युवतियों की 700 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं और 45 रिश्ते तय हुए। सम्मेलन में आए प्रतिभागियों ने जल संरक्षण का संकल्प भी लिया।

आयोजन समिति के एडवोकेट संतोष यादव, मुकेश यादव नगर निगम, धीरज अशोक यादव, मीडिया प्रभारी राजेश यादव, राम यादव, अनिल यादव पप्पू, मानसिंह यादव पहलवान, पूर्व निगम उपायुक्त राजेन्द्र कुमार यादव, धीरज यादव, जगदीश यादव, मन्नालाल यादव, नंदू यादव, रमेश यादव दाऊ ने बताया मुख्य अतिथि नगरीय प्रशासन विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, उज्जैन से वरिष्ठ समाजसेवी नारायण यादव, मनोज यादव, सेवादल अध्यक्ष योगेश यादव, वरिष्ठ नेता केके यादव, सदाशिव यादव, राजेंद्र यादव दद्दू, गुलशन यादव, पार्षद संध्या यादव, प्रवेश यादव, पुलिस अधिकारी सुरेंद्र यादव, कोमल यादव, रामसमुझ यादव





उपस्थित हुए। विजयवर्गीय ने कहा कि यादव समाज शिक्षित होने के साथ व्यावसायिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बन रहा है। इस दौरान प्रतिभाओं और वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया।

अतिथि योगेंद्र मंडलोई व वरिष्ठ नेता केके यादव ने कहा कि परिचय सम्मेलन ऐसा माध्यम है, जहां बेटे बेटियों के लिए अच्छे रिश्ता तय हुए। मीडिया प्रभारी राजेश यादव ने बताया कि सम्मेलन का मंच विचारवान युवक-युवतियों के लिए प्रेणादायक रहा, जहां अपने माता पिता की चिन्ता से भली-भांति परिचित होकर सामाजिक मंच के माध्यम से अपने संस्कारित विचारों व्दारा अन्य युवक युवतियों में प्रेरणा जाग्रत कर अपने लिए योग्य जीवन साथी का चयन किया गया। समाजसेवी संगीता यादव ने बताया कि सम्मेलन में मप्र, राजस्थान, गुजरात, बिहार आदि जगहों से युवक-युवती शामिल हुए। अतिथि सम्मेलन की सफलता के लिए अलग अलग समितियों में रमेश यादव, जगदीश यादव, मन्नालाल यादव, नंदू यादव, धीरज यादव आदि का विशेष योगदान रहा है।

---

### नौलखा अग्रवाल संगठन द्वारा आनंद नगर में चल रहे रामकथा महोत्सव का आज होगा समापन

# राम हो या न हो, भरत जैसा भाई भी हो तो होगी राम राज्य की शुरुआत

गुड इवनिंग, इंदौर

*विश्व में कहीं भी कोई दूसरा कोई उदाहरण नहीं हैं, जहां किसी राजा ने अपने सिंहासन पर बड़े भाई की खड़ाऊ रखकर राजपाट चलाया हो। यह भारत भूमि के ही संस्कार हो सकते हैं, जहां दो भाइयों के बीच ऐसा प्रेम दिखाई देता हो। आजकल कई लोग धर्म की आड़ में उल्टे-सीधे काम कर अपना घर भर रहे हैं। रामायण छोटे भाई भरत के बिना पूरी नहीं हो सकती, जिसने चक्रवर्ती सम्राट का पद त्यागकर बड़े भाई के प्रति सम्मान व्यक्त किया। घर में राम हो या न हो यदि भरत जैसा एक भाई भी हो जाए तो राम राज्य की शुरूआत हो जाएगी। राम कथा केवल कथा नहीं, समाज की दो वृत्तियों के बीच के संघर्ष में देव प्रवृत्तियों के विजय की यशस्वी गौरव गाथा है।*

ये दिव्य विचार हैं प्रख्यात मानस मनीषी महामंडलेश्वर महर्षि प.पू. उत्तम स्वामी महाराज के, जो उन्होंने रविवार को अग्रवाल संगठन नवलखा की मेजबानी में आनंद नगर खेल परिसर मैदान पर चल रहे रामकथा महोत्सव के दौरान व्यक्त किए। कथा शुभारंभ के पूर्व वरिष्ठ पत्रकार अमित मंडलोई, तपन भौमिक, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजिसंह चौहान के छोटे भाई नरेन्द्रसिंह चौहान, राजेश





गर्ग केटी, डॉ. श्रेष्ठा जोशी, पार्षद मृदुल अग्रवाल, मनीष मामा, संदीप गोयल आटो, शैलेष गर्ग, धनंजय शाह, अशोक अधिकारी, विजय अग्रवाल, मनोज भगत, के.के. गोयल, युवराज उस्ताद, अशोक अग्रवाल ट्रांसपोर्ट, कमलेश खंडेलवाल, दीपक अग्रवाल सियागंज, विशाल रामपीपल्या, मनीष मंगल, अंकित गोयल, हितेश गोयल, बालमुकुंद अग्रवाल, अखिलेश गोयल, संगठन के अध्यक्ष महेश अग्रवाल, बागली के पूर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नौजे, श्रीमती मुग्धा गोलू शुक्ला, सुजाता सुमित मिश्रा, अंजू रानू अग्रवाल, प्रियंका बंटी गोयल, अरुण बागड़ी, महेन्द्र अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में विशिष्टजनों ने व्यासपीठ का पूजन कर आरती में भी भाग लिया और कथा श्रवण का पुण्य लाभ उठाया। कथा का समापन सोमवार, 21 अप्रैल को सायं 4 से 7 बजे तक नियमित कथा और राज्याभिषेक प्रसंग के बाद होगा।

विद्वान वक्ता ने कहा कि समाज में प्रारंभ से ही असुर और देवताओं की दो वृत्तियां कायम है। एक राम बनकर और दूसरी रावण बनकर चलने वाले लोग हमेशा से पाए जाते हैं। राम कथा असुरों की वृत्तियों पर विजय की कथा है। अशांत मन को शांति और स्थिरता राम कथा से ही मिल सकती है। वाल्मिकी रामायण में 24 हजार संस्कृत श्लोक हैं। भरत के भ्राता प्रेम की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि रामायण के सभी पात्रों में कुछ न कुछ विशेषता है। लक्ष्मण कहते हैं राम मेरे हैं और भरत कहते हैं मैं राम का हूं। दुनिया में कोई भी ऐसा राजा नहीं हुआ, जिसने अपना चक्रवर्ती राजपाट छोड़कर खड़ाऊ रखकर राज सत्ता संभाली हो। राम के वनवास में दोषी नहीं होते हुए भी भरत ने स्वयं को दोषी माना। भाइयों के बीच कैसा प्रेम होना चाहिए यह राम कथा से सीखना चाहिए। घर में कोई भी समस्या हो अपने पूर्वजों को दक्षिण दिशा की ओर मुंह करके याद कर लें तो बहुत राहत मिल जाएगी। कुलदेव और पूर्वजों के प्रहार से व्यक्ति को अनेक समस्याएं आ जाती हैं। उनका निराकरण करने का यही उपाय है कि हम जैसे भी संभव हो अपने पूर्वजों को प्रसंग रखने का प्रयास करें। रामचरित मानस बिना किसी भेदभाव के सबका कल्याण करने का सहज माध्यम है। चरित्र की पवित्रता को मानस में सर्वोपरि माना गया है। आज हम उनके चित्र का पूजन कर अपने जीवन को धन्य बना रहे हैं, उसी तरह चरित्र का पूजन करके भी हम अपने जीवन के परम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

---

## 'स्वरदा' ने 'तारों में सज के' से गीतांजलि देकर गायक मुकेश को किया याद



गुड इवनिंग, इंदौर

संस्था स्वरदा ने कल शाम जाल सभागृह में गायक मुकेश के गीतों पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य कलाकार थे लखि वासवानी एवं सपना केकरे। अतिथि कलाकार सुधीर वासवानी थे।

'तारों में सज के' शीर्षक से आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत सपना केकरे ने 'ज्योत से ज्योत जगाते चलो...' से की। ततपश्चात लखि ने 'भूली हुई यादों, सारंगा तेरी याद में...', 'आया है मुझे फिर याद वो जालिम....', 'तारों में सज के...', 'जाने कहां गए वो दिन....' आदि गीत प्रस्तुत किए। सपना के साथ लखि जी ने 'ओ मेरे सनम ओ मेरे सनम....', 'बहारों थाम लो अब दिल...', 'दिल तड़प तड़प के कह रहा है...', 'बड़े अरमानों से रखा है बलम...' आदि गीत गाकर खूब तालियां बटोरी। सुधीर वासवानी ने 'चांदी की दीवार न तोड़ी.....' व 'जो तुमको हो पसंद....' गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में लखि वासवानी व सपना केकरे ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किये। 86 वर्ष की उम्र में भी लखि जी की आवाज युवाओं की तरह तरोताजा थी। सपना केकरे ने सोलह ड्यूएट गाकर कार्यक्रम को मधुर बनाया। संगीत संयोजन था हर्षद शेवगांवकर का।

सबके पसंदीदा गायक मुकेश को वैश्विक गायक का दर्जा प्राप्त है। उनके गीत उनकी आवाज की तरह ही बेहद मधुर व सुकून भरे थे। कार्यक्रम का संचालन विद्याधर मुळे ने किया। कुल मिलाकर मुकेश के ये मधुर गीत श्रोताओं को बहुत पसंद आए एवं कार्यक्रम बेहद सफल व यादगार रहा।

---

## 24 को हज तरबियत कैम्प, यात्रियों को बताएंगे हज की गाइड लाइन

**इंदौर।** भारत के लाखों मुस्लिम सऊदी अरब के मक्का में हज-2025 के लिए तैयारियों में जुटे हैं। भारी भीड़ में हजयात्रियों को किसी तरह की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, जिसको लेकर हज तरबियत कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इंदौर जिला हज कमेटी के अध्यक्ष राशिद शेख और उपाध्यक्ष रेहान अंसारी ने बताया मध्यप्रदेश शासन की राज्य हज कमेटी और इंदौर जिला हज कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में रोबोट चौराहा एमआर 9 रोड स्थित महक वाटिका पर 24 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे से शाम 5 बजे तक हज तरबियत कैम्प लगेगा। राज्य हज कमेटी के चेयरमैन रफत वारसी के निर्देश पर हज तरबियत कैम्प लगाया जा रहा है। ताकि हजयात्रा में किसी भी जायरीन को कठिनाई का सामना न करना पड़े और सहूलियत के साथ हज अदा कर सकें इसी मकसद से तरबियत कैम्प आयोजित किया जा रहा है। इसमें एक्सपर्ट हज ट्रेनर अशफाक लोदी साबरी प्रोजेक्टर के माध्यम से हज तरबियत देंगे। वे हाजियों को हज के अरकान व दुआएं सिखाएंगे। शहर में इस सत्र का यह प्रमुख हज तरबियत कैम्प लगेगा। जिसमें हज की तमाम बारीकियों से रूबरू करवाया जाएगा और हज गाइडलाइन बताई जाएगी। कैम्प में हजयात्रियों के नाश्ते व भोजन का भी इंतजाम रहेगा।

---

# खजराना गणेश मंदिर में दर्शन व धोक लगाकर भक्तों को दी भक्ति बरकरार रखने की सीख

## जगद्गुरु वसंत विजयानंद गिरि महाराज के इंदौर आगमन पर हुआ स्वागत

गुड इवनिंग, इंदौर

परमहंस परिव्राजकाचार्य अनन्त श्री विभूषित कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु 1008 परम पूज्यपाद श्री वसन्त विजयानन्द गिरी जी महाराज का यहां मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले इंदौर शहर के अहिल्या बाई होलकर हवाईअड्डे पर गगन चुम्बी जयकारों के साथ श्रद्धालु गुरु भक्तों ने जोरदार वंदनीय स्वागत सत्कार किया। कृष्णगिरी पीठाधीश्वर हाल ही जगद्गुरु की पदवी के पट्टाभिषेक के बाद पहली बार इंदौर आगमन के साथ वे सर्व प्रथम जगप्रसिद्ध श्रीखजराना गणेश मंदिर पहुंचे, जहां विधिवत रूप से दर्शन, पूजा वंदना की। इस दौरान मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अशोक भट्ट एवं जयदेव भट्ट ने विधिवत पूजन अर्चन कराकर सम्मान भी किया। इसके बाद स्थानीय वीआईपी परस्पर नगर में श्री पार्श्व पद्मावती धाम पहुंचे। कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, पूज्य गुरुदेवश्रीजी ने इस दौरान उपस्थित गुरु भक्तों के उत्साही स्वागत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर अपने संक्षिप्त आशीर्वचनों में उन्होंने कहा कि मालवा की धरती के लोगों की खासियत है कि वे देवतुल्य स्वागत और भक्ति अच्छी करते हैं। वे बोले कि परिस्थितियां कैसी भी हों, यह भक्ति कभी कम नहीं होनी चाहिए अर्थात परमात्मा की भक्ति बरकरार रहनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि संसार में यदि सम्मान चाहिए तो संत, गुरु एवं



ईश्वर के समक्ष पूर्ण समर्पण सम्मान के साथ भक्ति प्रकट करें। प्रसंगवश कृष्णपक्ष अष्टमी विशेष भक्ति भजन की प्रेरणा देते हुए उन्होंने बताया कि हर अमावस्या के पूर्व की इस अष्टमी पर कोई शुभ कार्य नहीं करना चाहिए। न ही किसी प्रकार की खरीददारी करनी चाहिए। शुभता के लिए अष्टमी दिवस विशेष को अधिकाधिक भगवान का नाम स्मरण ही करना चाहिए। इस दौरान पूज्यपाद जगद्गुरु ने 23 अप्रैल, बुधवार को उज्जैन में श्री रत्नेश्वर गणपतिजी की मूर्ति प्रवेश कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की प्रेरणा भी दी। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजनों में रितेश नाहर, विपिन पगारिया, राकेश जैन, जितेंद्र बाफना, आशुतोष शर्मा, लोहित गांधी, अरविंद बांठिया, पीयूष चौरड़िया, दिलीप कांटेड, सुधा मेहता, कुंता पाटीदार, बंसी धनकड, विक्रम सिंह सिसोदिया सहित अनेक गुरुभक्त मौजूद रहे।

### उज्जैन में श्री रत्नेश्वर गणपतिजी की प्रतिमा प्रवेश 23 को

डॉ. संकेश छाजेड़ ने बताया कि आगामी 23 अप्रैल को बाबा श्रीमहाकाल की नगरी उज्जैन में दुनिया के पहले और निमार्णाधीन विशाल श्रीरत्नेश्वर महादेव मंदिर परिसर में प्रथम चरण में श्री रत्नेश्वर गणपतिजी की प्रतिमा प्रवेश कार्यक्रम में पूज्यपाद जगद्गुरु अपना दिव्य सानिध्य प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि उजड़खेड़ा हनुमान मार्ग, भूखी माता मंदिर के समीप स्थित बन रहे इस भव्य मंदिर में विश्व की सबसे बड़ी अष्टधातु से निर्मित श्रीरत्नेश्वर गणपतिजी की 3200 किलो वजनीय भव्य मूर्ति का प्रवेश होगा। बुधवार दोपहर 12 बजे से भव्य समारोह एवं समस्त भक्तजनों के लिए प्रसाद वितरण भी होगा। इस दौरान देश और दुनिया से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुरु भक्त उज्जैन पहुंचेंगे।

---

## माहौल ऐसा हो कि बच्चे खुद पढ़ने के लिए हों प्रेरित



गुड इवनिंग, इंदौर

बच्चों को पढ़ाने का माहौल उनके मुताबिक होना चाहिए, ताकि उनमें पढ़ने की इच्छा जागृत हो। यहां मुझे वह सब कुछ देखने को मिल रहा है।

यह कहना है कि दिल्ली से स्कूल के निरिक्षण के लिए आई केंद्रीय विद्यालय संगठन की आयुक्त निधि पांडे का। उन्होंने कल पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 बीएसएफ इंदौर में गहन निरीक्षण किया। उनके साथ उपायुक्त सेंथिल कुमार, सहायक आयुक्त किरण मिश्रा और विजय वीर सिंह भी मौजूद थे। विद्यालय के प्राचार्य मनीष जैन ने उन्हें बताया कि यहां पीएमश्री के निदेर्शानुसार सभी गतिविधियों का मुख्य रूप से ध्यान रखा जाता है। चाहे बच्चों में रीडिंग हैबिट को बढ़ाने की बात हो या बच्चों को प्ले वे मेथड से पढ़ाने की।

उन्होंने बताया कि बच्चों को पर्यावरण के लिए जागरूक किया जाता है। जिसमें पेपर बीन और पेन बीन भी शामिल है। मुख्य रूप से कैंपस में हर तरह के पेड़ लगाए गए हैं, ताकि बच्चे उनके बारे में भी बेहतर रूप से जान सके।

**गतिविधियों की सराहना की**–आयुक्त ने पीएमश्री के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों को देखा एवं प्रशंसा की। विद्यालय परिसर में गतिविधियों के लिए सुझाव दिए गए विशेष तौर पर स्कूल लाइब्रेरी व रीडिंग हैबिट्स को बढ़ाने के लिए जो प्रयास किया जा रहे हैं उसकी खास प्रशंसा की गई। विद्यालय द्वारा जल संरक्षण को लेकर किए गए प्रयासों को भी सराहा। इस मौके पर स्कूल स्टाफ के साथ केंद्रीय विद्यालय १ के प्रिंसिपल सुधीर वाजपेई भी उपस्थित थे।






## पुराने कुएं-बावड़ियों को बचाने के लिए हटाए जाएंगे कब्जे

इंदौर। नगर निगम अधिकारियों ने कल खजराना तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान बारिश में होने वाले ओवरफ्लो पानी का कैसे संरक्षण किया जाए इस पर चर्चा हुई। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा, भाजपा नेता अन्नू पटेल व संबंधित सभी अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। भाजपा नेता अन्नू पटेल ने बताया जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जल गंगा जल संवर्धन अभियान चल रहा है। जो 30 जून तक सतत रूप से चलेगा। इस अभियान के तहत खजराना तालाब का निरीक्षण किया गया। अभियान के अंतर्गत नये तालाबों का निर्माण, पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुंओं का जीर्णोद्धार, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई और सघन वृक्षारोपण किया जाएगा।


### कंपनी के साथ लोगों के लिए भी फायदेमंद साबित हो रही डीटूडी एप की सुविधा

# 11.48 लाख उपभोक्ताओं ने घर से जमा किया बिजली बिल

गुड इवनिंग, इंदौर

*मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी डोर टू डोर यानि डीटूडी एप के माध्यम से प्रति माह लाखों बिजली उपभोक्ताओं से घर बैठे बिजली बिल की राशि जमा करवा रही है, मार्च में 11.48 लाख उपभोक्ताओं ने बिल राशि अपने घर, दुकान से ही जमा करवाई हैं।*

ऐसे में समय पर बिल भरने पर ना तो उनका कनेक्शन कटने की नौबत आई ना ही सरचार्ज लगा और नही उनसे बिजली बिल जमा करने की कोई अतिरिक्त राशि ली गई। इस सुविधा से विशेषकर मोबाइल नहीं चलाने वाले उम्रदराज और दूरस्थ गांवों, तंग बस्तियों में रहने वाले उपभोक्ताओं को खास सुविधा मिल रही हैं। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता वाणिज्य रवि मिश्रा ने बताया कि प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उपभोक्ता सुविधाओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा हैं ताकि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण,



मप्र विद्युत नियामक आयोग की मंशा के अनुसार सुविधा देकर उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया जा सके। डीटूडी एप सुविधा भी उनमें से एक हैं। इसमें डीटूडी एप के एजेंट या बिजली कर्मचारी मोबाइल एप के माध्यम से घर घर जाकर बिजली बिल राशि एकत्र करते हैं। उपभोक्ताओं से कोई अतिरिक्त राशि नहीं ली जाती हैं, मात्र बिजली बिल पर दर्ज कुल राशि ही प्राप्त कर हाथों हाथ ई रसीद दी जा रही हैं। इस सुविधा से जहां बिजली कंपनी को लाखों उपभोक्ताओं से बिल रकम समय पर प्राप्त हो रही हैं, वहीं घर बैठे बिल भुगतान की सुविधा मिलने से उपभोक्ताओं को सरचार्ज लगने या कनेक्शन कटने की चिंता से भी निजात मिल रही हैं।

### स्मार्ट मीटरीकरण : बड़े शहरों के साथ ही छोटे इलाकों पर भी फोकस कर रही बिजली कंपनी

इंदौर। केंद्र और राज्य शासन की ओर से स्मार्ट मीटरीकरण के आदेश के पालन में पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर, उज्जैन, रतलाम, देवास जैसे बड़े शहरों के साथ ही छोटे शहर, कस्बें और गांवों में भी स्मार्ट मीटर का कार्य तेजी से कर रही हैं। अत्याधुनिक स्मार्ट मीटर उपभोक्ता संतुष्टि में बढ़ोत्तरी के साथ ही मानव हस्तक्षेप के बगैर त्रुटिरहित बिजली बिल प्रणाली लागू करने में कारगर साबित हो रहे हैं।



कंपनी अधिकारियें के मुताबिक इंदौर शहर में जहां पांच लाख पांच हजार स्मार्ट मीटर स्थापित हो गए हैं, देवास, रतलाम, उज्जैन शहर में भी 70 से 95 प्रतिशत स्मार्ट मीटरीकरण हो चुका हैं। अन्य छोटे शहरों में भी तेजी से स्मार्ट मीटर स्थापित हो रहे हैं। प्रबंध निदेशक ने बताया कि सांवेर में 3713, पीथमपुर में 22700, धार में 13500, बड़ौद में 3293, शाहपुर में 3663, अंजड़ में 7183, सेंधवा में 14600 उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं।

इसी तरह राजपुर में 4092, खेतिया में 3600, पानसेमल में 3565, कन्नौद में 1779, राणापुर में 3600, जोबट 3800, खंडवा में 20500, सुआसरा में 4727, मनासा में 9700, जावरा में 19474, आलोट में 7155, शुजालपुर में 5900 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि महू, खरगोन, झाबुआ, थांदला कंपनी क्षेत्र के शत प्रतिशत स्मार्ट मीटर वाले शहर हैं। श्री सिंह के अनुसार कंपनी क्षेत्र के सभी नगरीय निकायों में अब तक लगभग 11 लाख 73 हजार स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं।

## सफाई सर्वेक्षण आज से पकड़ेगा रफ्तार

गुड इवनिंग, इंदौर

**गार्बेज फ्री सिटी देखने केंद्र सरकार की टीम पहुंची**

जी 3 भारत सरकार के द्वारा भेजी गई टीम ने गार्बेज फ्री सिटी का सर्वेक्षण शुरू कर दिया है। इस टीम की ओर से अभी तो धीमी गति से काम शुरू किया गया है। आज यानी सोमवार से यह सर्वेक्षण तेज गति के साथ शुरू हो जाएगा।

स्वच्छता सर्वेक्षण का कार्य पूरे देश में पूरा हो गया है। अब जिन शहरों के पास वाटर प्लस शहर होने का गौरव हासिल है उनमें यदि उनके इस गौरव की अवधि पूरी नहीं हुई है तो ठीक है, लेकिन जिनकी अवधि पूरी हो गई है वहां पर एक बार फिर वाटर प्लस के लिए नए सिरे से सर्वे किया जाना है। इसके साथ ही गार्बेज फ्री सिटी का भी सर्वे होना है। ध्यान रहे कि यदि एक बार वाटर प्लस सिटी का सर्टिफिकेशन कर दिया जाता है तो वह 2 साल तक कायम रहता है। भारत सरकार के द्वारा नियुक्त की गई एजेंसी के द्वारा यह दोनों सर्वे विभिन्न शहरों में किया जा रहे हैं। सरकार की ओर से 2 दिन पूर्व ही यह सूचना जारी की गई है कि शनिवार के दिन से देश के बड़े शहरों में वाटर प्लस का सर्वे शुरू किया जाएगा। इंदौर में इस सर्वे को अंजाम देने के लिए टीम कल ही इंदौर पहुंच गई। इस टीम के द्वारा अपने आने की सूचना नगर निगम के अधिकारियों को देने के साथ ही सर्वे भी सर्वे का काम भी शुरू कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि अभी तो इस टीम के द्वारा धीमी गति के साथ ही सर्वे शुरू किया गया है। इसके पीछे कारण यह है कि अभी टीम के सारे सदस्य इंदौर नहीं पहुंच सके हैं। टीम के सभी सदस्य आज रात तक इंदौर पहुंच जाएंगे। उसके बाद में इस टीम के द्वारा कल सोमवार से तेजी से सर्वे शुरू किया जाएगा। इस सर्वे के संबंध में आयुक्त शिवम वर्मा ने सर्वे टीम के आने के पहले कल सिटी बस ऑफिस में समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक में जलप्रदाय, स्वास्थ्य, ड्रेनेज, इंदौर स्मार्ट सिटी, उद्यान, जनकार्य, सीटीपीटी, विद्युत विभाग के अधिकारी शामिल हुए। वर्मा ने गार्बेज फ्री सिटी और वाटर प्लस सर्वे की गाइडलाइन के अनुसार झोन वार समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## जनकल्याण के लिए मैदान में उतर लोगों को सेवाएं दें अधिकारी

### मुख्यमंत्री ने वीसी से कलेक्टर और कमिश्नर को दिए निर्देश

गुड इवनिंग, इंदौर

मुख्यमंत्री ने कहा है कि जनकल्याण के लिए अधिकारी मैदान में उतरें। नागरिकों को आवश्यक सेवाएं दे, सुशासन की दिशा में अपना प्रभावी योगदान दें। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कान्फ्रेंस द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टर, कमिश्नर, आईजी, एसपी से विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अधिकारी जिलों में उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं करें। किसानों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी कानून व्यवस्था की स्थिति पर नजर रखें। पुलिस व्यवस्था चाक-



चौबंद रहे। आमजन से अधिकारी-कर्मचारी का व्यवहार विनम्र और अच्छा हो। कार्यालयों में आने वाले नागरिक को समाधान प्राप्त हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खेतों में पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए जागरूकता बढ़ाई जाए। किसानों को सुपर सीडर और हैप्पी सीडर जैसे उपकरण अधिक संख्या में उपलब्ध करवाए जाएं। इससे किसानों को पराली जलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और उनका समय भी बचेगा।

#### गर्मी में स्वास्थ्य का ध्यान रखें लोग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नागरिकों को ग्रीष्मकाल में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए आवश्यक प्रचार-प्रसार किया जाए। आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहें। बाजार में संक्रमित फल ना बिकें, उस पर नजर रखी जाए। सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिलों और संभागों में सभी अधिकारी पारदर्शिता, नवाचार, परिश्रम से कार्य करते हुए नागरिकों को लाभान्वित करने के लिए सक्रिय रहें। वीसी में मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## प्रदेशभर में नाटक के माध्यम से सुनाई जा रही देवी अहिल्या की गाथा

गुड इवनिंग, इंदौर

देवी अहिल्या बाई की 300 वीं जयंती 31 मई को मनाई जाएगी। प्रदेश सरकार ने इसे बड़े पैमाने पर मनाने का फैसला लिया है। इंदौर और उज्जैन में दो बड़े आयोजन होना है। जिसमें देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू शामिल होंगी। इसके अलावा देश और प्रदेश के कई शहरों में देवी अहिल्या पर आधारित नाटकों का मंचन भी कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। विश्व मंगल सभा द्वारा प्रदेश के 15 शहरों में देवी अहिल्या के नाटक का मंचन हो रहा है। महेश्वर में यह नाटक काफी सफल रहा और दर्शक नाटक को देखकर भाव विभोर हो गए थे।

नाटक में नागपुर के कलाकारों ने देवी अहिल्या के काल को बखूबी मंच पर उतारा। विश्व मंगल सभा की सूरज डामोर व नलिनी चौखंडे ने बताया कि अभी तक नाटक के माध्यम से 60 हजार से ज्यादा लोग देवी अहिल्या बाई के जीवन को जान चुके है। उन्होंने किस तरह सेवा कार्य किए। कितने सफल तरीके से शासन चलाया और दुश्मनों को भी कूटनीतिक तरीके से हराया। इस सब बातों उल्लेख किया गया है।

#### महेश्वर में बनेगा हैंडलूम विलेज



महेश्वर में अहिल्या लोक बनाने की योजना सरकार ने तैयार की है। उज्जैन में सिंहस्थ मेले को लेकर आयोजित बैठक में अहिल्या लोक पर भी चर्चा हुई। अफसरों को कहा गया है कि महेश्वर के अलावा मंडलेश्वर व आसपास के गांवों में पर्यटन की संभावनाएं है। महेश्वर में किले के अलावा देवी अहिल्या बाई के जीवन पर आधारित एक संग्रहालय बनाया जाए। इसके अलावा चंदेरी की तरह महेश्वर में भी हैंडलूम विलेज बनाने की कार्ययोजना तैयार की गई है,क्योंकि महेश्वर की माहेश्वरी साड़ी भी देशभर में प्रसिद्ध है।

## मांगलिया में बन रहे आयुर्वेद चिकित्सालय का लोकार्पण जल्द

गुड इवनिंग, इंदौर

मांगलिया में बन रहे आयुष औषधालय बनकर लगभग तैयार हो चुका है और जल्द ही इसका लोकार्पण होने जा रहा है। इस संबंध में जल संसाधन मंत्री ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर औषधालय और आसपास के क्षेत्र के विकास को लेकर कई तरह के निर्देश दिए।

बैठक में मंत्री तुलसीराम सिलावट ने पीडब्ल्यूडी विभाग को आयुष औषधालय तक पहुंचने वाली अप्रोच रोड और मांगलिया मेन रोड से औषधालय के पीछे के गेट तक सीसी रोड निर्माण के लिए इस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। इसके अलावा मांगलिया मेन रोड से अतिक्रमण हटाकर खाली स्थानों पर पेवर ब्लॉक लगाने का भी कहा। रेलवे, ट्रैफिक पुलिस और थाना प्रभारी को मांगलिया ओव्हर ब्रिज के पास रोड डायवर्शन की योजना बनाने के लिए कहा गया। एसडीएम और तहसीलदार को आयुष औषधालय के पास गार्डन के लिए जमीन चिन्हित करने, औषधालय के आसपास अतिक्रमण हटाने, वाहन पार्किंग की जगह तय करने और संत रविदास सामुदायिक भवन के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। बीएसएनएल विभाग को अपनी बाउंड्रीवाल के रख-रखाव और सौंदर्यीकरण की जिम्मेदारी दी गई। जिला आयुष अधिकारी को औषधालय के लिए आवश्यक मानव संसाधन, उपकरण, एम्बुलेंस और एयर कंडीशनिंग की व्यवस्था करने के लिए कहा गया।

### बाणगंगा के चिकित्सालय में आधुनिक चिकित्सा पद्धति से किया जा रहा उपचार

## संगीत और गेम्स से होगा मानसिक रोगियों का इलाज

गुड इवनिंग, इंदौर

बाणगंगा स्थित मानसिक चिकित्सालय में अब मानसिक रोगियों का इलाज पारंपरिक तरीकों की जगह आधुनिक और अंतरराष्ट्रीय स्तर की चिकित्सा पद्धति से किया जा रहा है। यहां विद्युत झटकों की बजाय अब इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव्स के माध्यम से इलाज किया जाता है। इसके साथ ही म्यूजिक थेरेपी, डांस, गायन और रचनात्मक गतिविधियों के जरिये मरीजों का मानसिक उपचार किया जा रहा है। गेम्स खिलाकर भी रोगियों की मानसिक स्थिति का आकलन किया जाता है। इन उन्नत तकनीकों और पद्धतियों की वजह से यह संस्थान एक मॉडल मानसिक चिकित्सालय के रूप में उभर कर




सामने आया है, जहां अत्याधुनिक मशीनें भी उपलब्ध हैं।

मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घंघोरिया ने मानसिक चिकित्सालय का दौरा किया और यहां की सुविधाओं का जायजा लिया। प्रभारी डॉक्टर वी.एस. पाल ने जानकारी दी कि पहले गंभीर मानसिक रोगियों का इलाज बिजली के झटकों से किया जाता था, जिसमें मरीज को कुर्सी से बांधकर इलाज किया जाता था। लेकिन अब इस पुरानी पद्धति को छोड़ते हुए इलेक्ट्रो-कन्वल्सिव थेरेपी (ईसीटी) की आधुनिक तकनीक अपनाई गई है, जो विद्युत चुम्बकीय तरंगों के माध्यम से होती है और अधिक सुरक्षित व प्रभावी मानी जाती है।

**टेली मानस सेवा से चौबीसों घंटे मुफ्त परामर्श**-मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के लिए इंदौर के बाणगंगा स्थित मानसिक चिकित्सालय में टेली मानस सेवा भी उपलब्ध है, जो 24 घंटे निशुल्क परामर्श प्रदान करती है। मरीज या उनके परिजन टोल फ्री नंबर 14416 या 1800-891-4416 पर कॉल कर इस सेवा का लाभ ले सकते हैं। अस्पताल के ऑक्यूपेशनल थेरेपी कक्ष में मरीजों को कागज से फूल, दीये और ग्रीटिंग कार्ड जैसे रचनात्मक आइटम बनाने को प्रोत्साहित किया जाता है। इन गतिविधियों से रोगियों में रचनात्मकता के साथ-साथ मानसिक सुधार भी तेजी से होता है।

#### म्यूजिक और गेम्स से मिल रहा मानसिक संतुलन

चिकित्सालय में म्यूजिक थैरेपी के माध्यम से भी रोगियों का इलाज किया जा रहा है। गायन और नृत्य के दौरान मरीजों की शारीरिक भाषा और चेहरे के भावों से उनकी मानसिक स्थिति को समझा जाता है। डॉक्टर पाल के अनुसार, म्यूजिक थैरेपी के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। इसके साथ ही, स्टाफ की निगरानी में मरीजों को विभिन्न गेम्स भी खिलाए जाते हैं, जिससे उनकी मानसिक एकाग्रता और स्थिरता में सुधार होता है। ये नवाचार मरीजों को न सिर्फ उपचार देते हैं, बल्कि उन्हें जीवन की ओर भी वापस लाते हैं।

# अमरनाथ यात्राः ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशन के लिए उमड़ी भीड़

गुड इवनिंग, ग्वालियर

**अमरनाथ यात्रा के ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के पहले दिन मंगलवार को पंजाब नैशनल बैंक की नया बाजार शाखा पर श्रद्धालुओं की उमड़ पड़ी। बैंक प्रबंधन द्वारा रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू नहीं करने से आक्रोशित श्रद्धालुओं ने हंगामा कर दिया, बैंक में घुसकर कुर्सियां तोड़ दीं। हालात इतने बिगड़ गए कि भीड़ नियंत्रित करने के लिए पुलिस को बुलाना पड़ा। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू नहीं होने का कारण बैंक अधिकारियों ने सर्वर डाउन होना बताया है।**

## बैंक में घुसकर कुर्सियां तोड़ी, पुलिस ने संभाला मोर्चा




**1000 लोग रजिस्ट्रेशन के लिए पहुंचे :** पहले दिन एक हजार से अधिक लोग रजिस्ट्रेशन कराने पहुंचे, लेकिन सुबह 11 बजे से साढ़े चार बजे तक केवल 80 लोगों के ही रजिस्ट्रेशन हुए। श्रद्धालुओं का आरोप था कि बैंक प्रबंधन ने भीड़ को देखते हुए अलग से काउंटर की व्यवस्था नहीं की। इसके अलावा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की लिंक ओपन नहीं हो रही थी। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 14 अप्रैल से शुरू होने थे, लेकिन सोमवार को अंबेडकर जयंती का अवकाश था, इसलिए आफलाइन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हुई।

बैंक खुलने से पहले लोग मेडिकल, पहचान पत्र और फॉर्म लेकर पहुंच गए थे, लेकिन बैंक में दोपहर 12 बजे तक रजिस्ट्रेशन शुरू नहीं होने के कारण आक्रोशित श्रद्धालुओं ने हंगामा कर नारेबाजी शुरू कर दी।

**पांच-पांच लोगों को दिया प्रवेश :** पुलिस ने पहुंचकर व्यवस्था को संभाला और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कराई। पांच-पांच श्रद्धालुओं को रजिस्ट्रेशन कराने के लिए अंदर भेजा। कुछ लोग बैंक में प्रवेश करने के लिए पासबुक लेकर आ गए। रजिस्ट्रेशन के लिए पहुंचे महेंद्र शर्मा ने बताया कि बैंक ने दोपहर 12 बजे तक यात्रियों के रजिस्ट्रेशन की कोई व्यवस्था नहीं की थी। हंगामा होने पर पुलिस बुला ली। पुलिस ने महिलाओं के साथ भी अभद्रता की। भीषण गर्मी में बैंक प्रबंधन द्वारा पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई थी।

**हले सप्ताह में रजिस्ट्रेशन का प्रयास :** श्रद्धालु सुनील सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष भी अमरनाथ यात्रा पर गए थे, लेकिन बाबा बफार्नी के यात्रा शुरू होने के दो दिन में अंतर्ध्यान होने से दर्शन नहीं हो पाए थे। उनकी कोशिश है कि चार-पांच जुलाई को यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन हो जाए, ताकि बाबा के दर्शन हो सकें।

# लाड़ली बहना और इसके जैसी योजनाओं से क्या हुआ बदलाव

## घर-घर जाकर पता लगाएगी एमपी सरकार

गुड इवनिंग, भोपाल

**मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना जैसी कई फ्लैगशिप योजनाओं का सोशल ऑडिट(सामाजिक अंकेक्षण) करवाया जाएगा। इन योजनाओं से लोगों के जीवन में क्या बदलाव आया, इनकी कमियों से लेकर खूबियों तक की रिपोर्ट बनाई जाएगी। यह रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत की जाएगी।**






इसके आधार पर योजनाओं में सुधार या परिवर्तन जैसे निर्णय लिए जा सकेंगे। इसके लिए शासन स्तर पर तैयारी की जा रही है। इसका प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। स्वीकृति मिलने पर विभागों से समन्वय कर सोशल आडिट की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बता दें, मध्य प्रदेश में वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के पहले शुरू हुई लाड़ली बहना योजना के तहत वर्तमान में एक करोड़ 17 लाख पात्र महिलाओं प्रतिमाह 1250 रुपये दिए जा रहे हैं। इस योजना पर हर महीने करीब 1550 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस पर 18,669 करोड़ रुपये बजट का प्रविधान भी किया गया है। यह योजना इतनी लुभावनी साबित हुई कि महाराष्ट्र में भी इसे लागू किया गया। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने दिल्ली की महिलाओं के लिए भी इसी तरह का वादा किया।

**ये हैं एमपी सरकार की योजनाएं :** सोशल आडिट के लिए केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का विभागवार खाका तैयार किया जाएगा। इनमें प्रधानमंत्री मातृवंदना, पीएम आवास, निश्शुल्क खाद्यान्न वितरण, पथ विक्रेता योजना, लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना सहित तमाम ऐसी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क किया जाएगा। कैग (सीएजी) की तरह ही रिपोर्ट तैयार की जाएगी, अंतर केवल यह होगा कि वित्तीय आडिट की जगह यह एक सोशल आडिट होगा। बता दें, सोशल आडिट का उद्देश्य सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना भी होता है।

**मुख्यमंत्री के जनसेवा मित्रों की सेवाएं लेने पर किया जा रहा विचार :** फ्लैगशिप योजनाओं के लाभार्थियों के डाटा के आधार पर घर-घर संपर्क किया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री के जनसेवा मित्रों की सेवाएं लिए जाने पर विचार किया जा रहा है। प्रदेश में 9390 जनसेवा मित्र हैं। इनकी सेवाएं पिछले वर्ष पूर्ण हो चुकी हैं।

### योजनाएं एक नजर में

- वर्ष 2024-25 में लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 के अंतर्गत दो लाख 43 हजार 396 बालिकाओं का पंजीयन किया गया है। वहीं लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत अब तक 12,932 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं।
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 52 लाख माताएं पंजीकृत हैं वित्तीय वर्ष 2024-25 में पांच लाख 75 हजार हितग्राहियों को 264 करोड़ रुपये भुगतान किया गया। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत एक करोड़ 33 लाख परिवारों को निश्शुल्क खाद्यान्न वितरण। अब तक 32,47,304 टन खाद्यान्न वितरण किया गया है।

# मिशन मोड में हो रहे हैं मध्यप्रदेश के सर्वांगीण विकास के कार्य : सीएम

गुड इवनिंग, भोपाल

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प को ही कार्यसिद्धि का मंत्र बनाया है। उन्होंने देश के सर्वाँगीण विकास के लिए समाज के सभी वर्गों के एक साथ और एक समान सशक्तिकरण को आवश्यक बताया है। इस संकल्प की सिद्धि के लिए मध्यप्रदेश सरकार लगातार मिशन मोड में कार्य कर रही है। मिशन मोड में विकास पथ पर तेजी से आगे बढ़ने के लिये प्रदेश सरकार ने गरीब कल्याण मिशन, युवा शक्ति मिशन, किसान कल्याण मिशन और नारी सशक्तिकरण मिशन लागू किये हैं। सभी मिशनों को पूरा करने के लिए अलग-अलग रोड़ मैप तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री यादव ने कहा है कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी के देश के सर्वांगीण विकास के संकल्प ने प्रेरित किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि समाज के सभी वर्गों के मिशन मोड में सशक्तिकरण से मध्यप्रदेश विकास की नई ऊचाइयों को स्पर्श करेगा।

**गरीब कल्याण का मिशन :** गरीब कल्याण मिशन का मुख्य उद्देश्य गरीबों के लिए सामाजिक सुरक्षा उपायों को मजबूत करना है, ताकि वंचित वर्ग को कठिन समय में आवश्यक सहायता मिल सके। इसके अतिरिक्त, मिशन इस वर्ग को रोजगार से संबंधित चुनौतियों से निपटने में सक्षम योजनाओं का लाभ दिलाएगा। आर्थिक रूप से पिछड़े, जरूरतमंदों को मिशन में वित्तीय सहायता प्रदान कर आर्थिक सशक्तिकरण में मदद करेगा। बुनियादी सेवाओं जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा और आवास तक पहुंच में सुधार किया जाएगा, जिससे गरीब परिवारों के जीवन स्तर में सुधार हो सकें।

गरीब कल्याण मिशन, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शुरू की जाने वाली एक अभिनव पहल है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों को सशक्त बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी योजनाएं और आवश्यक सेवाएं उन तक सहजता से पहुंच सकें।

**युवा शक्ति मिशन के सफल :** क्रियान्वयन में आधुनिक तकनीक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### युवा शक्ति का मिशन

मुख्यमंत्री यादव को विश्वास है कि ह्यस्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशनह्न प्रदेश के युवाओं के सशक्तिकरण का सक्सेस मंत्र सिद्ध होगा। युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी 2025 को लाँच किया गया यह मिशन युवा पीढ़ी को आधुनिकतम तकनीकों, उद्यमिता और खेल क्षेत्र में उच्च कौशल से सशक्त बनाएगा। यह मिशन से प्रदेश के युवाओं को बदलते दौर में स्वयं को विभिन्न प्रतिस्पधाओं के लिये सशक्त बनायेगा। इससे मिशन की परिणिति युवाओं के सफल एवं सक्षम नेतृत्व के गुणों से संपन्न बनने, ग्लोबल जॉब मार्केट का सशक्त प्रतिस्पर्धी बनने और नौकरी ढूंढ़ने की कतारों में लगे युवा के स्थान पर नौकरी देने वाला उद्यमी बनने में होगी।

कौशल विकास के पाठ्यक्रम युवाओं को सहजता से उपलब्ध कराने और उसे सहजता से समझाने के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म लॉन्च किए गए हैं। इस प्लेटफार्म की सुविधाएं ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के युवाओं को समान रूप से सुलभ होंगी। मिशन का लाभ प्रदेश के युवा बढ़-चढ़ कर ले सकें, इसके लिए सोशल-मीडिया के माध्यमों का भी प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। इससे युवाओं को मिशन से संबंधित जानकारी आसानी से उपलब्ध हो रही है और युवाओं में मिशन के प्रति जागरूकता और रुचि बढ़ रही है।

**किसान कल्याण के लिए मिशन :** कृषि और कृषक देश एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण आधार हैं। इसलिए मध्यप्रदेश की मंत्रि-परिषद ने 15 अप्रैल को कृषक कल्याण मिशन को हरी झंडी दे दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में इस मिशन का उद्देश्य है कि अन्नदाता समृद्ध हों और कृषि क्षेत्र में आर्थिक स्थिरता आए। इस मिशन का उद्देश्य फसल-विविधीकरण के साथ ही पशुपालन एवं मत्स्य पालन जैसे सहायक व्यवसायों को एकीकृत कर समावेशी कृषि को बढ़ावा देना है। मिशन में कृषि-आधारित उद्यमिता जैसे प्रगतिशील उपायों को वित्तीय सहायता और तकनीकी परामर्श देकर प्रोत्साहित किया जाएगा।

# डीआईजी ने हत्या के मामले में कोर्ट में दी थी झूठी जानकारी

## ग्वालियर हाईकोर्ट ने लगाया 5 लाख रुपए का जुर्माना

गुड इवनिंग, ग्वालियर

ग्वालियर हाई कोर्ट ने हत्या के एक मामले में झूठी जानकारी देने और महत्वपूर्ण साक्ष्य छिपाने के आरोप में डीआईजी (पीएचक्यू) मयंक अवस्थी पर 5 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। कोर्ट ने अवस्थी के खिलाफ विभागीय जांच और अवमानना की कार्रवाई शुरू करने के आदेश भी दिए हैं। यह मामला उस समय का है, जब अवस्थी दतिया के पुलिस अधीक्षक थे। कोर्ट ने उनकी कार्यप्रणाली को गलत ठहराते हुए कहा कि उन्होंने एक पक्ष को लाभ पहुंचाने के लिए साक्ष्य छिपाए, जो निष्पक्ष जांच के सिद्धांतों का उल्लंघन है।

**मामले का विवरण :** यह प्रकरण 2017 का है, जब दतिया जिले के दीपार थाने में 24 सितंबर को हत्या का मामला दर्ज हुआ था। आरोपी मानवेंद्र गुर्जर ने दावा किया था कि घटना तीन-चार दिन पहले की थी। घटना के दिन मृतक, घायल और गवाह भिंड जिले के अमायन में थे, न कि दतिया में।

उन्होंने मोबाइल टावर लोकेशन के आधार पर अपनी बात साबित करने की मांग की। सेंवढ़ा न्यायालय ने पुलिस को टावर लोकेशन और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) सुरक्षित करने के निर्देश दिए थे। उस समय मयंक अवस्थी दतिया के एसपी थे।

**साक्ष्य छिपाने का आरोप :** पुलिस ने शुरू में कोर्ट को पत्र देकर दावा किया था कि टावर लोकेशन और कॉल डिटेल सुरक्षित हैं। जब मामला अंतिम तर्क के चरण में पहुंचा, तो पुलिस ने कहा कि डेटा सुरक्षित नहीं किया गया। साइबर सेल ने बताया कि दो साल से पुराना डेटा रिट्रीव नहीं हो सकता। इस पर कोर्ट ने दीपार थाने के तत्कालीन प्रभारी को तलब किया, लेकिन वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद हाई कोर्ट ने अवस्थी और तत्कालीन थाना प्रभारी यतेन्द्र सिंह भदौरिया से जवाब मांगा।

**हाई कोर्ट का सख्त रुख :** 4 अप्रैल 2025 को बहस के बाद हाई कोर्ट ने 16 अप्रैल को अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने अवस्थी की कार्यप्रणाली पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्होंने जानबूझकर साक्ष्य दबाए, जिससे एक पक्ष को लाभ पहुंचाने की कोशिश की गई। कोर्ट ने इसे चौंकाने वाला और निष्पक्ष जांच के अधिकारों का उल्लंघन बताया। कोर्ट ने अवस्थी को एक महीने के भीतर 5 लाख रुपये प्रिंसिपल रजिस्ट्रार के पास जमा करने का आदेश दिया, जो जीतने वाले पक्ष को दिया जाएगा। गैर-अनुपालन पर अवमानना और वसूली की कार्रवाई होगी।

**विभागीय जांच के आदेश :** हाई कोर्ट ने डीजीपी को अवस्थी के खिलाफ विभागीय जांच शुरू करने और उनके इरादों की पड़ताल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने यह भी कहा कि डीजीपी को तय करना होगा कि ऐसे अधिकारी पुलिस विभाग में रहने योग्य हैं या नहीं।

# बाइक से पांच वर्षीय बेटे के साथ जा रहा था चालक, टैंकर ने मारी टक्कर, दोनों की मौत

गुड इवनिंग, मालनपुर

मालनपुर से होकर निकले ग्वालियर-इटावा हाइवे क्रमांक 719 जोगी नगर की पुलिया के पास रविवार की सुबह हुए दर्दनाक हादसे में बाइक सवार पिता और पांच साल के बेटे की सड़क हादसे में मौत हो गई। बाइक सवार मालनपुर से भिंड की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे कैंटर ने बाइक में टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार 36 वर्षीय रोहित पुत्र हीरालाल आदिवासी निवासी मेहगांव और उनका पांच साल का बेटा आर्यन उर्फ चुन्ना रविवार की सुबह मालनपुर से मेहगांव की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान मालनपुर में मांडलेज कंपनी जोगी नहर के पास सुबह करीब 10.45 बजे सामने से आ रहे कैंटर ने बाइक में टक्कर मार दी।

**बाप-बेटे की मौके पर मौत :** टक्कर इतनी जोरदार थी कि इस हादसे में बाप-बेटे की मौत हो गई। गोहद अस्पताल में मृतकों का पीएम किया गया। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सामूहिक गतिविधियां शारीरिक ताजगी प्रदान करने में करती हैं मदद

# कैरम टूर्नामेंट के माध्यम से बुजुर्गों को जोड़ने की कोशिश

गुड इवनिंग, ग्वालियर

आजकल के भागते-दौड़ते जीवन में, लोग इतने व्यस्त रहते हैं कि अपने साथियों और परिवारजनों के साथ समय बिताने का मौका उन्हें कम ही मिल पाता है। इसका सबसे ज्यादा असर घर के बुजुर्गों पर पड़ता है। उम्र के पड़ाव के चलते शरीर में बदलाव के कारण वे अकेलापन महसूस कर सकते हैं। ऐसे में, खेल आदि जैसी सामूहिक गतिविधियां उन्हें न सिर्फ शारीरिक ताजगी प्रदान करती हैं, बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाती हैं। इसी सोच को साकार रूप देने का काम कर रहा है शहर का जाना-माना डे केयर सेंटर- आनंदम सीनियर सिटीजन सेंटर, जो विगत दो वर्षों से कैरम टूनार्मेंट का सफल आयोजन कर रहा है।

वर्ष 2024 में इस टूनार्मेंट की शुरूआत हुई थी, और इस वर्ष इसका दूसरा संस्करण और भी अधिक उत्साह के साथ शुरू हुआ। 15 अप्रैल से लेकर 17 अप्रैल, 2025 तक आयोजित इस



तीन दिवसीय टूनार्मेंट में कुल 66 सीनियर सिटीजन्स ने भाग लिया, जिनमें पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल रहे।

कैरम टूर्नामेंट में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की जोड़ियों का चुनाव आनंदम के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह द्वारा 12 अप्रैल को ड्रॉ के माध्यम से किया गया। वहीं, टूर्नामेंट का उद्घाटन 15 अप्रैल को एस. बी. खंडेलवाल, सचिव, आनंदम सीनियर सिटीजन सेंटर द्वारा किया गया। कविराज चढ़ार ने समन्वयक एवं लाजपत राय चोपड़ा ने सहायक समन्वयक की सफल भूमिका का निर्वहन किया।

### नई राह खोलने में मददगार

एस. बी. खंडेलवाल, सचिव, आनंदम सीनियर सिटीजन सेंटर, ने कहा, ‹आनंदम का उद्देश्य बुजुर्गों को सिर्फ देखभाल प्रदान करना ही नहीं, बल्कि उनके जीवन में फिर से रंग भरना भी है। यह टूर्नामेंट हमारे सदस्यों के लिए सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि एक ऐसा अवसर है, जो उन्हें एक-दूसरे से जुड़ने, सहयोग करने और फिर से मुस्कुराने की वजह देता है। संगीत और खेल आदि जैसी सामूहिक गतिविधियाँ उनकी शारीरिक और मानसिक ऊर्जा बढ़ाती हैं, और साथ ही मेल-जोल और मित्रता की नई राहें भी खोलती हैं। आनंदम के सदस्यों ने इस टूर्नामेंट में भाग लेकर अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन ही नहीं किया, बल्कि एक-दूसरे के साथ समय बिताकर आपसी रिश्तों को भी मजबूत किया। 26 अप्रैल, 2025 को टूर्नामेंट के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा, जहां विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन ने सिद्ध किया है कि जब बुजुर्गों को साथ मिलता है, तो उम्र की सीमाएं काफी पीछे छूट जाती हैं और जीवन फिर से मुस्कुराने लगता है।

दोनों छोर पर खंभे खड़े कर भूले जिम्मेदार, भारी वाहनों से पुल पर लग रहा जाम

# कालीसिंध पुल पर साढ़े तीन वर्ष बाद भी नहीं लग सके हाइट गेट




गुड इवनिंग, सारंगपुर

नगरीय सीमा से निकली कालीसिंध नदी के 90 वर्ष से ज्यादा पुराने पुल की सुरक्षा के लिए जरूरी प्रयास इस वर्ष भी पूरे नहीं हो सके। दरअसल पूरी तरह जर्जर हो चुके इस पुल से अब भी भारी वाहनों की आवाजाही जारी है। इससे पुल की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। ऐसे में इन भारी वाहनों की रोकथाम के करीब साढ़े तीन वर्ष पूर्व पुल के दोनों ओर हाइट गेट लगाने का निर्णय हुआ था। एसडीएम द्वारा दोनों और रेलिंग वाले हाइट गेट लगाने के निर्देश दिए गए थे। दो वर्ष पहले पुल पर इसका काम भी शुरू हुआ था। लेकिन कार्य पुरा होने के पहले ही लोहे के पिलर को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा क्षति ग्रस्त कर आड़ा-तिरछा कर दिया गया। इसके बाद इनके सुधार पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। यही कारण है कि हाइट गेट लगाने के आदेश के बाद वर्षो गुजर गए है और इसके बावजूद अब तक इसका काम पूरा नहीं हो पाया है।

**जर्जर है पुल वाहन निकालना मुश्किल**-ब्रिटिश शासन काल में बना यह पुल आवागमन की दृष्टि से सालों पूर्व ही अमान्य हो चुका है। इसके बावजूद अब भी यह न सिर्फ शहरी वाहन बल्कि बड़े और भारी भरकम भी निकल रहें है। पुल पर तो इतने गड्ढे है यहां बिना परेशानी के वाहन निकालना तक मुश्किल है। वहीं पुल के दोनों ओ सालों से मौजूद गड्ढो का न तो सुधार हो रहा न इस पर से आवागमन रुक रहा।

**सिर्फ छोटे वाहनों के लिए थी योजना**-पुल के दोनों छोर 13 फीट ऊंचाई के गेट लगाने का निर्णय लिया गया था। ताकि पुल से छोटे वाहनों के अलावा अन्य वाहन प्रवेश ही नहीं कर सके। तत्कालीन एसडीएम द्वारा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को यह आदेश दिए गए थे। विभाग ने इस आदेश की पूर्ति के लिए पुल के दोनों छोर पर लोहे के पोल भी लगा दिए थे। लेकिन बाद में राजनीतिक दबाब के कारण यह काम ठंडे बस्ते में डाल दिया या।

**रोक के बावजूद पुल पर से निकलते हैं भारी वाहन**-इंदौर से गुना की आने-जाने वाले भारी वाहन व चार पहिया वाहन तो बायपास होकर जा रहे है, लेकिन शहर के मुख्य बसस्टैंड पर आने वाली यात्री बसें और शहर में माल लेकर आने वाले भारी वाहन अब भी इसी पुल से होकर गुजरते हैं। इधर राजस्थान जाने के लिए संडावता मार्ग पर जाने के लिए भी इस पुल से होकर गुजरना सबसे सुलभ है, यात्री बसें तथा आगर रोड जो पुल के समीप से निकला है उस मार्ग के वाहन पुल से होकर नगर से निकल रहे हैं। वही टोल टैक्स बचाने के लिए संडावता रोड से होकर गुजरने वाले भारी वाहन भी इसी पुल से बेरोकटोक निकल रहे है।

### अक्टूबर 2021 में हुआ था निर्णय

दरअसल सारंगपुर तहसील के वीसी कक्ष में अक्टूबर 2021 में आयोजित हुई ब्लाक स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की बैठक के दौरान सारंगपुर में यातायात व्यवस्था एवं दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हाईट गेज लगाने के संबध में निर्णय लिया गया था। तत्कालीन विधायक कुंवरजी कोठार एवं तत्कालीन एसडीएम आरएम त्रिपाठी की उपस्थिति में यह तय हुआ था कि कालीसिंध नदी के पुल के दोनो किनारों पर बस की हाईट के बराबर हाईट गेज लगाए जाएंगे, ताकि ऊंचे एवं भारी माल वाहक ट्रकों को यह से आवागमन न हो। इसके पश्चात संडावता की ओर से आने वाले वाहनों के संबध मे संडावता नाके पर बस हाईट एवं प्याज के ट्रक की हाईट के बराबर हाईट गेज लगाया जाने के संबंध में लोक निर्माण विभाग सारंगपुर एसडीओ दीपक कुमार को निर्देशित किया था कि कि वह बस एवं ट्रक की हाईट की लंबाई नापकर हाईट गेट लगाए जाने की कार्रवाई करें।

### बोले जिम्मेदार

पूर्व में हमने दोनो छोर पर हाइट गेट लगाए थे, जिन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया गया। अब हम स्थानीय वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर हाइट गेट को लेकर जरुरी कदम उठाए जाएंगे।

**-दीपक कुमार**, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी, सारंगपुर।

# राजगढ़ पहुंचे सीएम डॉ. मोहन यादव, विधायक के पोते की शादी में हुए शामिल



गुड इवनिंग, सारंगपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को राजगढ़ जिले का दौरा किया। वे सुबह 11:30 बजे हेलीकॉप्टर से जीरापुर तहसील के ग्राम काछी खेड़ा पहुंचे। यहां खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी के पोते अजय दांगी के विवाह समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने नवविवाहित जोड़े को गुलदस्ता भेंट कर आशीर्वाद दिया। उन्होंने दंपती को सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। साथ ही परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इनमें कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल, मत्स्य विकास मंत्री नारायण सिंह पंवार शामिल थे। सांसद रोडमल नागर, राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव और नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा भी उपस्थित थे।

**सुरक्षा के थे कड़े इंतजाम** -मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल था। बड़ी संख्या में लोग उन्हें देखने पहुंचे। प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री की सादगी की सराहना की। करीब 10 मिनट रुकने के बाद वे अगले कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए। सुरक्षा व्यवस्था में कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा तथा एसपी आदित्य मिश्रा अपने बल के साथ मौजूद रहे।

# अजमेरी मंसूरी समाज के सम्मेलन में 30 जोड़ों का हुआ निकाह



गुड इवनिंग, सारंगपुर

सण्डावता में अजमेरी मंसूरी समाज का रविवार को सामूहिक विवाह सम्मेलन सण्डावता में आयोजित किया गया। अजमेरी मंसूरी समाज कमेटी सण्डावता के द्वारा सामूहिक सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन के सदर मुकिम मंसूरी ने बताया कि सम्मेलन में 30 जोड़ों ने निकाह कुबूल किया। इस दौरान विवाह कमेटी के सदर मुकिम मंसूरी नेता जी, खजांची फिदा हुसैन मंसूरी, नायब सदर कालू मंसूरी, सेकेट्री नवाब सरीफ मंसूरी,हाजी मंगु खां, अब्बास सर,बाहर अली,हाजी शब्बीर मंसूरी, हाजी शफीक मोहम्मद,हाजी फकीर मोहम्मद,हाजी बाबू खां,शरीफ मंसूरी बरुखेडी, अजीज मंसूरी कांसरोद, इस्माइल बब्बू मंसूरी, फिरोज मंसूरी मौजूद रहे।

# प्यासे मुसाफिरों के लिए यह प्याऊ सेवा मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक

## श्याम परिवार ने सारंगपुर रेलवे स्टेशन पर लगाया प्याऊ, राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ

गुड इवनिंग, सारंगपुर

सारंगपुर रेलवे स्टेशन पर श्याम परिवार के साथ निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। गर्मी के इस मौसम में प्यासे मुसाफिरों के लिए यह प्याऊ सेवा न सिर्फ एक नेक कार्य है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक भी है। इस तरह की सेवा सभी नागरिको को करना चाहिए, वही पक्षियों के लिए भी अपने-अपने घरो के बाहर पानी की व्यवस्था करना हरेक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। हम सब मिलकर ऐसे जनसेवा के कार्यों को करने के लिए आमजन को प्रोत्साहित करें। यह बात रविवार सुबह सारंगपुर रेलवे स्टेशन पर भीषण गर्मी को देखते हुए श्री श्याम परिवार सारंगपुर द्वारा लगाए गए निशुल्क पानी की पियाऊ का शुभारंभ करते हुए तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने व्यक्त की। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर श्याम परिवार के अध्यक्ष एवं नपा उपाध्यक्ष निलेश वर्मा ने कहा कि प्याऊ में पुरी गर्मी जल की कमी आने नहीं दी जाएगी, सारंगपुर से होकर गुजरने वाले प्रत्येक यात्री को पानी मिले हमने ऐसी व्यवस्था की है। इस मौके पर श्याम परिवार के अध्यक्ष एवं नपा उपाध्यक्ष निलेश वर्मा एवं सदस्य महेश पाटीदार, जितेंद्र मालवीय, प्रकाश सोनी, मनीष सोनी, आदित्य शर्मा, एलएन त्रिकार, समाजसेवी आमिल हुसैन काजी एवं अन्य मौजूद थे।



# नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का बाग में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

गुड इवनिंग, बाग

तहसील मुख्यालय से आलीराजपुर जा रहे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का नगर परिषद कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर सिंघार ने कहा कांग्रेस का कार्यकर्ता बहुत ऊजार्वान हैं।

नगर परिषद उपाध्यक्ष शेख शब्बर झीनवाला ने नगर परिषद द्वारा बनाये एक शॉपिंग काम्प्लेक्स मे दुकानों के आवंटन सम्बन्धी विवाद की जानकारी नेता प्रतिपक्ष को दी एवं उसके शीघ्र निराकरण हेतु शासन से चर्चा की बात कही। इस अवसर पर कांग्रेस के सतपाल बरनाला (गंधवानी ), रोहित झंवर( बाग ), अशोक मांझी टांडा, जर्मन सींग पंजाबी बाकानेर, भी सिंघार के साथ थे.

कुक्षी कांग्रेस के अकरम पठान,राजेंद्र पाटीदार (काटन), हरीश सेन, देवेंद्र जैन, महेंद्र पाटीदार अंबाड़ा,सुखदेव हवेलीवाला, शंकर सोलंकी, सरफराज खान गब्बर, राजु जनतादल, पार्षद फिरोज मंसूरी, कुंदन मिस्त्री, रवि कोदर, अजय रावत, अब्दुल शाह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम चौहान, विजय रावत, बबलू निंगवाल, हीरा कन्नौज, निकुंज परसाई, अखिलेश जिराती, अमृत पेंटर, श्रीमती पवित्रा चौहान सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने सिंघार का पुष्पमाला से स्वागत किया। संचालन संदीप मारु ने किया।




# मेले में गुम हुई बालिका को पुलिस ने किया परिजन के सुपुर्द

खातेगांव। देश भक्त जन सेवा के नारे को बुलंद करने वाली पुलिस ने देवदास मेले में अपने परिजनों से बिछड़ी एक चार वर्षीय बालिका को परिजनों से मिलकर एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि पुलिस की नजर चारों तरफ है। इन दिनों थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा कन्नौद में देवादास बाबा मेले का आयोजन किया गया है । मेले में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती सौम्या जैन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कन्नौद आदित्य तिवारी को व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। । उक्त निर्देश के पालन में थाना प्रभारी कन्नौद तहजीब काजी द्वारा पुलिस बल को तैनात किया गया है । मेले में ड्यूटी के दौरान आरक्षक देवेंद्र ठाकुर को एक तीन से चार वर्षीय बालिका पार्किंग क्षेत्र में रोती हुई मिली जो अपने परिजनों से बिछड़ गई थी । आरक्षक द्वारा तत्परता दिखाते हुए महिला आरक्षक व अन्य स्टाफ के सहयोग से बालिका को शांत कर उसके परिजनों के बारे मे जानकारी ली गई जो अपने गांव का नाम बताने के अतिरिक्त कुछ भी स्पष्ट रूप से नहीं बता सकी । बालिका की पहचान हेतु उसके फोटो एवं विवरण को सोशल थाना व्हाट्सएप ग्रुप पर प्रसारित किया गया ।

पुलिस अधिकारियों को दिए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर हत्यारों को पकड़ने के निर्देश

# डीआईजी ने किया लीमाचौहान, सारंगपुर थानों का निरीक्षण

गुड इवनिंग, सारंगपुर

*सारंगपुर में चोरों ने घर में घुसकर शुक्रवार रात्रि में बुजुर्ग महिला सावित्री बाई राठौर(75) की गला घोंटकर हत्या कर सोने की झुमकियां के साथ एक कान काटने की वारदात को अंजाम दिया था। तीन बेटो की बुजुर्ग मां घर में अकेली रहती थी।*





उक्त बुजुर्ग जावरा की सिविल जज जूनियर डिवीजन शिवानी राठौर की नानी थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए घटना उजागर होने के दूसरे दिन रविवार को डीआइजी ओपी त्रिपाठी घटनास्थल पर पहुंचें। उन्होंने मौका मुआयना किया और स्थिति को देखते हुए आसपास के रहवासियों, पडोसियो और परिजनों से चर्चा कर जानकारी जुटाई। इस मौके पर उन्होंने पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र के सभी सीसीटीवी फुटेज की बारिकी से जांच करने के निर्देश दिए और सभी से पूछताछ करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द हत्यारों को पकड़कर गिरफ्तार किया जाए और घटना का खुलासा किया जाए।

**लीमाचौहान थाने का भी डीआइजी ने किया औचक निरीक्षण**-डीआइजी ने लीमाचौहान थाने में पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना प्रभारी अनिल राहोरिया को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए और अपराधो पर नियंत्रण के भी आदेश दिए। इस मौके पर पुलिस स्टाप मौजूद रहा। सारंगपुर में चर्चा के दौरान डीआइजी ओपी त्रिपाठी ने बताया कि हमारे द्वारा 19 अप्रैल की रात्रि में भोपाल से आकर ब्यावरा देहात थाना, राजगढ़ कोतवाली का औचक निरीक्षण किया था। उसके बाद रात्रि में 11 बजे से सुबह 4 बजे तक सरप्राइज विजित किया गया। रविवार को हमने सारंगपुर पहुंचकर हत्या के मामले में जांच की और घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए परिजनों से चर्चा की। हमारा प्रयास रहेगा कि हम सारंगपुर में घटित हुए इस हत्या के मामले को जल्द से जल्द सुझलाए और हत्यारों को गिरफ्तार किया जाए।

### थाने पर आकर दिए निर्देश

घटना स्थल के निरीक्षण के उपरांत डीआइजी श्रीत्रिपाठी ने एएसपी आलोक कुमार शर्मा की मौजूदगी में थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने इस प्रकरण को लेकर विस्तृत बातचीत की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीआइजी श्रीत्रिपाठी ने थाना प्रभारी से कहा कि सभी नशेडियों से सख्ती के साथ पूछताछ की जाए और सीसीटीवी की फुटेज के एक-एक क्षण की सूक्ष्मता से जांच कर परीक्षण करें और आसपास के रहवासियों से पूछताछ करें। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि हर हाल में अपराधो पर अंकुश लगाया जाए और अवैध मदाक पदार्थो की रोकथाम की जाए। आपराधिक प्रवृत्ति के लोगो की सतत निगरानी करें और पेट्रोलिंग को बढाया जाए।

# अस्पताल में गंदगी का अंबार तो ओपीडी टाइम में डॉक्टर्स चैंबर में लगे रहते हैं ताले

- मध्यभारत अस्पताल में लापरवाही का आलम जारी, कैंपस में गंदगी का अंबार
- दो माह पहले अस्पताल प्रभारी ने शाम की ओपीडी में चिकित्सकों को उपस्थित रहने निकाला था आदेश

गुड इवनिंग, डॉ. आंबेडकर नगर (महू)

तहसील के सबसे बड़े अस्पताल की लापरवाही की बीमारी लाइलाज होती जा रही है। यहां चिकित्सकों की कमी की आड़ में जिम्मेदार मरीजों के उपचार में लगातार कोताही बरत रहे हैं। हद तो यह है कि अस्पताल में लापरवाही के आलम पर ना तो स्वास्थ्य महकमा ध्यान दे रहा है और ना ही स्थानीय प्रशासन यहां की सुध लेना चाहता है।

दरअसल, अस्पताल में इन दिनों उपचार कराने आने वाले मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। गर्मी की मार के कारण लोग लू-हीट स्ट्रोक और डी-हाइड्रेशन से परेशान होकर उपचार कराने अस्पताल पहुंच रहे हैं, लेकिन यहां मरीजों को केवल सुबह की ओपीडी में ही चिकित्सक मिल रहे हैं। शाम की ओपीडी में इक्का-दुक्का डॉक्टरों को छोड़ दिया जाएं तो कोई भी अस्पताल की दहलीज तक भी पहुंचना नहीं चाहते हैं। यहां शाम के समय एक घंटे की ओपीडी में अधिकांश डॉक्टर नदारत रहते हैं। कहने को तो यहां चिकित्सक और स्टॉफ की भारी कमी बताई जाती है, लेकिन जो वर्तमान में यहां पदस्थ है, शाम की ओपीडी में उनके भी ठिकाने नहीं रहते हैं। ओपीडी में अस्पताल की पड़ताल की तो यहां हालात चौंकानें वाले नजर आएं। एक तरफ जहां मरीजों के परिजन हाथों में पर्ची लेकर दवाईयों के लिए लंबा इंतजार करते रहे, तो वहीं दवाईयों के काउंटर और ओपीडी में पर्ची कटाने के लिए भी मरीजों को कर्मचारियों को ढूंढना पड़ता है।

### प्रांगण में गंदगी का अंबार, कहीं कर न दे बीमार

मरीज अपने मर्ज के इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचते हैं, लेकिन यहां अस्पताल में आने वाले मरीजों की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है। दरअसल, अस्पताल कैंपस में साफ-सफाई व्यवस्था बुरी तरह चरमरा चुकी है। यहां प्रांगण में जगह-जगह कूड़ा-करकट पड़ा हुआ है। कई स्थानों पर कचरों के ढेर लगे हुए हैं। इसके अलावा कैंपस के बाहर भी कई जगह-जगह कचरा पड़ा हुआ है। उल्लेखनीय है कि अस्पताल कैंपस में पहले भी आवारा कुत्तों के विभिन्न वार्डों में घूमने और मरीजों के पलंग तक पर बैठने के मामले सामने आ चुके हैं।

**सिर्फ ड्यूटी डॉक्टर के भरोसे अस्पताल :** शाम की ओपीडी में मध्यभारत अस्पताल में महज ड्यूटी डॉक्टर ही उपचार के लिए पहुंचे थे। मंगलवार शाम 5 बजकर 20 मिनट पर अस्पताल प्रांगण में विभिन्न चिकित्सकों के केबिन के गेट लगे हुए थे। वहीं यहां एकमात्र महिला चिकित्सक बतौर ड्यूटी डॉक्टर मरीजों का उपचार कर रही थी। बाकी प्रांगण के अन्य चैंबर में गेट लगे हुए थे।

**शाम को मरीजों ने ही आना कर दिया बंद :** अस्पताल में शाम के समय मरीजों ने ही आना बंद कर दिया। यहां अस्पताल के कर्मचारी खुलेआम ही मरीजों को उपचार के लिए सुबह आने का कहकर लौटाते हैं। सामान्य उपचार के लिए ड्यूटी डॉक्टर से इलाज कराने के अलावा अन्य बीमारियों के उपचार के लिए मरीजों को बिना इलाज के ही अस्पताल से लौटना पड़ता है। ऐसे में यहां मरीजों ने शाम की ओपीडी में अस्पताल जाना ही बंद कर दिया है।

**खून से सने कपड़ा, इंजेक्शन खुले में फेंके :** अस्पताल प्रबंधन द्वारा बॉयो मेडिकल वेस्ट के निपटान में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। यहां अस्पताल प्रांगण में पहुंचते ही यहां दाई तरफ कचरा रखने के लिए अलग से चैंबर बनाए गए है। यहां अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के चलते खुलेआम ही प्रांगण में बॉयो मेडिकल वेस्ट फेंका जा रहा है। यहां खुले मे खून से सने कपड़े, इंजेक्शन, दवाईयों की खाली बोतलें, स्लाइन सहित अन्य सामग्री को खुले में डाल दिया गया । जिससे संक्रामक रोगों के फैलने का डर बना हुआ है।

**पहले भी बटोर चुके है सुर्खियां :** अस्पताल में पहले भी बायो मेडिकल वेस्ट सामान्य कचरे के साथ फेकने के मामले सामने आ चुके है। यहां लंबे समय से खुले में अस्पताल में मरीजों के उपचार में प्रयोग आ चुकी सामग्री को खुले में फेका जा रहा है। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने कर्मचारियों को बायो मेडिकल वेस्ट के नियमों के तहत निपटान के जारी किए थे, बावजूद इसका कोई खास असर नजर नहीं आया।

---

मप्र ओपन स्टेट लेवल बैडमिंटन टूनार्मेंट सम्पन्न

# 9 वर्ष एकल वर्ग में लक्ष्य पाल उपविजेता बने



गुड इवनिंग, इंदौर

इंदौर बैडमिंटन क्लब द्वारा सेटेलाइट कॉलोनी, देवास नाका में आयोजित मध्यप्रदेश ओपन स्टेट लेवल बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन आज हुआ। स्पर्धा में अलग अलग वर्ग के बालक और बालिका वर्ग के मुकाबले खेले गए। 9 वर्ष बालक वर्ग में इंदौर के लक्ष्य पाल तेजतर्रार खेल दिखाते हुए उपविजेता रहे। उन्होंने क्वार्टर फाइनल मैच में अद्विक सोलंकी और सेमीफाइनल मैच में युग चौबे को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। लक्ष्य पाल अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी अनुराग ठक्कर की अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं। यह उनका पहला टूर्नामेंट था, पहले ही टूर्नामेंट में वे उपविजेता रहे।

उनकी इस सफलता पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी गौड़, गोलू शुक्ला, मधु वर्मा, महादेव पाल, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी वरुण पाल, कपिल पाल, संतोष पाल ने बधाई दी है।

# हवाओं से बढ़ा लू का प्रकोप, ओपीडी में दोगुनी तादाद में भर्ती मरीज

## चिकित्सकों की सलाह - तरल पदार्थों का करें सेवन, शरीर का तापमान रखें स्थिर

गुड इवनिंग, डॉ. आंबेडकर नगर (महू)

अप्रैल माह के दूसरे पखवाड़े के साथ गर्मी का सितम बढ़ने लगा है। गर्म हवाओं के थपेड़ों के साथ ही सूरज की चिलचिलाती किरणों से असहनीय चुभन महसूस होने लगी है। मौसम के गर्म मिजाज का असर अब नागरिकों की सेहत पर भी दिखने लगा है। हरे-भरे पेड़ों और वनक्षेत्र की बहुलता के कारण सामान्य तापमान और शुष्क हवाओं से आच्छादित रहने वाला महू क्षेत्र भी मौसम में बदलाव का शिकार बनने लगा है। इसका जीवंत उदाहरण इन दिनों सिविल अस्पताल में बढ़ने वाले मरीजों की संख्या से लगाया जा सकता है।



सिविल अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, इन दिनों आम दिनों की तुलना में औसतन तिगुनी संख्या में लोग अपने इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इसमें अधिकांश मरीज गर्म हवाओं के कारण लू से पीड़ित होकर आने वाले हैं। सिविल अस्पताल प्रभारी डॉ. एचआर वर्मा ने बताया कि आमतौर पर अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या 300 के करीब होती है, लेकिन वर्तमान दिनों में ओपीडी में मरीजों की संख्या 450 से ज्यादा तक पहुंच गई है। अधिकांश मरीजों में उल्दी-दस्त और डी-हाइड्रेशन की शिकायत देखने को मिल रही है। डॉ. वर्मा ने बताया कि अप्रैल-मई माह में सामान्य दिनों की तुलना में ओपीडी मरीजों की संख्या में भी इजाफा होता है। वर्तमान में ओपीडी में प्रतिदिन 450 मरीज पहुंच रहे है। सामान्य मौसम में जहां हर माह ओपीडी मरीजों की संख्या आठ हजार होती है, वह बीते एक माह में बढ़कर दस हजार के करीब पहुंच चुकी है।

**भट्टीसा तपने लगा शहर, 40 पार पारा :** अप्रैल के पहले पखवाड़े में सूरज ने जमकर कहर बरपाया। आम दिनों में ठंडक और हरियाली से आच्छादित महू क्षेत्र भी भट्टी सा तप उठा। जानकारी के अनुसार मंगलवार को क्षेत्र का अधिकतम तापमान 40 डिग्री आंका गया। क्षेत्र में गर्मी लगातार अपने रिकार्ड तोड़ रही है। वहीं चुभती किरणों ने लोगों को घरों में दुबकने को भी मजबूर कर दिया है। दूसरी तरफ बढ़ती गर्मी को देखकर स्वास्थ्य विभाग ने भी अपनी कमर कस ली है। सिविल अस्पताल प्रभारी डॉ. एचआर वर्मा ने बताया कि गर्मी के असर के कारण मरीजों के लिए अस्पताल लू, उल्टी-दस्त के मरीजों के लिए विशेष बेड आरक्षित कर दिए है। आगामी दिनों में हीट-स्ट्रोक के मरीजों के बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

**बच्चें-बुजुर्गों का रखे विशेष ध्यान, शरीर ढंककर ही बाहर निकले :** गर्मी के मौसम को लेकर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग भी अलर्ट पर है। डॉ. वर्मा ने बताया कि बढ़े तापमान के कारण लोगों को घरों से बाहर जाने से बचना चाहिए। साथ ही बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। घर से बाहर निकलते समय शरीर के अंगों को कपड़े से अच्छी तरह ढंककर रखे वहीं ज्यादा से ज्यादा पानी और तरल पेय का सेवन करना चाहिए।

**गर्म हवाओं के थपेड़ों ने बढ़ाई चिंता :** दिनभर गर्मी के बाद शाम को लोगों को राहत की उम्मीद बंधी थी, लेकिन गर्म हवाओं के थपेड़ों ने चिंता बढ़ा दी। मंगलवार को दिन में चुभने वाली गर्मी के बाद देर शाम तक गर्म हवाएं चलती रही।

### भरपूर पानी पीएं ताकि शरीर में शीतलता बनी रहे..

गर्मी के कारण लोगों में डी-हाइड्रेशन की शिकायत बढ़ी है। डॉ. वर्मा ने बताया कि सूरज की किरणों के कारण शरीर में पानी की कमी होने लगती है। शरीर का तापमान स्थिर बनाए रखने के लिए भरपूर पानी पीना चाहिए। इसके साथ ही तरबूज, खीरा, गन्ने का रस, दही सहित ऐसे फल जिनमें पानी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। इनका अधिक से अधिक सेवन करना चाहिए।

---

## सारंगपुर में 9 गांव के 25 किसानों पर जुर्माना

### नरवाई जलाने पर 2500-2500 रुपए अर्थदंड से किया दंडित

**सारंगपुर।** तहसील क्षेत्र के 9 गांवो के 25 किसानो पर नरवाई जलाने के मामले में तहसीलदार ने 2500-2500 रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। रविवार को जारी आदेश के बाद तहसीलदार आकाश शर्मा ने बताया की कृषि विस्तार अधिकारी, सचिव ग्राम पंचायत एवं हल्का पटवारी ने मौका पंचनामा प्रतिवेदन पेश किया था। की इन गांवो के किसान कलेक्टर के प्रतिबंधात्मक आदेश के बावजूद खेतों में गेंहू की फसल के बचे हुए अवशेष जलाते हुए पाए गए है। पर्यावरण सुरक्षा हेतु ग्रीन ट्रिब्यूनल से प्राप्त निदेर्शो के अनुसार नरवाई में आग लगाने वालों के विरुद्ध पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि से दंडित किया है। सम्बन्धित कृषको से राशि वसूली कर कोषागार में जमा कराने उपरांत रसीद तहसील कार्यालय में जमा करने के निर्देश कृषि विस्तार अधिकारी को दिए है।



फोटो : गुड इवनिंग

# स्कूटी सवार युवती ने नहीं लगा रखा था हेलमेट, चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मी ने जड़े थप्पड़



अतुल चौकसे

गुड इवनिंग, भोपाल

राजधानी में पुलिस को शर्मसार करने का एक मामला सामने आया है। यहां वाहन चेकिंग में तैनात एक पुलिसकर्मी ने बगैर हेलमेट के जा रही स्कूटी सवार युवती से वर्दी का रौब झाड़ते हुए अभद्रता की, फिर सरेराह उसे थप्पड़ जड़ दिए। युवती ने विरोध किया तो पुलिसकर्मी ने उसके सिर पर भी मुक्के मारे, जिससे नाक और मुंह से खून निकलने लगा।य

ुवती जब उस पुलिसकर्मी की शिकायत करने थाने पहुंची तो वहां भी सुनवाई नहीं हुई, बल्कि आरोपी पुलिसकर्मी की शिकायत पर पीड़िता के विरुद्ध ही प्रकरण दर्ज कर लिया गया। बाद में जोन के डीसीपी ने दखल दिया तो महिला थाने में अगले दिन शिकायत की गई। इस पर पुलिस ने मारपीट और छेड़छाड़ की धाराओं में पुलिसकर्मी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है।

**अवधपुरी क्षेत्र का मामला :** आमजन के प्रति पुलिस की बर्बरता का यह मामला अवधपुरी क्षेत्र का है। बुधवार शाम युवती (30) अपनी कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर स्कूटी से सामान खरीदने गई थी। वह हेलमेट नहीं पहने थी। पास में ही चेकिंग प्वाइंट था। पीड़िता ने बताया कि चेकिंग प्वाइंट से आरक्षक जितेंद्र उसके पास पहुंचा व चालान बनाने को कहा। इस बीच प्रधान आरक्षक अतुल चौकसे वहां पहुंचा और उसने युवती को चार थप्पड़ जड़ दिए। युवती से झूमाझटकी भी की। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान उसने उसे बैड टच भी किया था।

# भीषण गर्मी में सकोरे पक्षियों को दे रहे राहत

## प्यासे परिंदों के लिए यह भीख नहीं, मेहरबानी है, हर आंगन में हो एक सकोरा यह इंसानियत की निशानी है

गुड इवनिंग, सारंगपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सारंगपुर द्वारा नगर के विभिन्ना स्थानों पर ऐसी भीषण गर्मी में पक्षीयो के पानी पीने की व्यवस्था करते हुए सकोरे लगाने का क्रम रविवार भी जारी रहा। नगर मंत्री आदित्य शर्मा ने बताया कि रविवार को परिषद के कार्यकताओं एवं नगर के अन्य समाजसेवियों के साथ मिल कर स्थानीय रेल्वे स्टेशन सारंगपुर पर भी सकोरे लगाए गए, एवं वहां मौजूद रेल्वे स्टेशन के अधिकारियों ने रोजाना सकोरे में पानी की व्यवस्था करने का संकल्प भी लिया। शर्मा ने बताया कि विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने अपने सोशल मीडिया के माध्यम से आम नागरिकों से आह्वान किया कि वह भी सभी अपने घर के आंगन में, कार्यालय में, विद्यालय एवं महाविद्यालय में कम से कम एक सकोरा अवश्य लगाए, एवं उसे अपने सोशल मीडिया हैंडल से सेल्फी विथ सकोरा सेल्फी विथ सकोरा के साथ शेयर करे ताकि अन्य लोग भी इससे प्रेरणा ले एवं इस अभियान से जुड सके एवं ऐसी भीषण गर्मी में सकोरे पक्षियों के लिए बडी राहत बन सके। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने सकोरे के साथ अपने तस्वीरें भी सांझा की। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी लक्ष्मीनारायण त्रिकार, समाज सेवी महेश पाटीदार, मनीष सोनी, प्रकाश सोनी, अक्षय सोनी एवं आदि उपस्थित रहे।



### सारंगपुर के बुजुर्गों ने पेश की पर्यावरण सेवा की मिसाल, युवाओं के लिए बने प्रेरणास्रोत

**सारंगपुर।** शहर में एक बुजुर्गों का समूह पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है, जो युवा वर्ग के लिए प्रेरणादायक है। ये रिटायर्ड बुजुर्ग भीषण गर्मी में भी पेड़-पौधों को पानी देने, सार्वजनिक स्थलों की सफाई और गौशाला में सेवा कार्यों में जुटे रहते हैं। यह दल कपिलेश्वर धाम, गौशाला, मुक्तिधाम, रेलवे स्टेशन और अस्पताल परिसर की आरोग्य वाटिका जैसे क्षेत्रों में निःस्वार्थ भाव से सेवा करता है। रविवार को तेज धूप में 5-6 बुजुर्गों को मुक्तिधाम में ट्री गार्ड लगाते देखा गया। इनमें नंदकिशोर सोनी कुसुम, रामनारायण टेटवाल, विष्णुप्रसाद जोशी, जयहिंद दुबे और लक्ष्मीनारायण त्रिकार जैसे समर्पित सदस्य शामिल हैं, जो हर सप्ताह विभिन्ना स्थानों पर पौधों की देखभाल और सफाई अभियान चलाते हैं। ये बुजुर्ग न केवल नियमित रूप से सेवा कार्यों में लगे रहते हैं, बल्कि सामाजिक आयोजनों को भी पर्यावरण से जोडते हैं। साथियों के जन्मदिन पर पौधों को पानी देना और पुण्यतिथि पर गौशाला में हरी घास व सब्जियां दान करना इनकी विशेष पहल है। इन कार्यो के माध्यम से ये बुजुर्ग न केवल पर्यावरण की रक्षा कर रहे हैं, बल्कि समाज में सेवा और जागरूकता का संदेश भी दे रहे हैं। उनकी सक्रियता और समर्पण नई पीढी को समाज और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देता है।

# आंगन में टहल रहे पिता और मासूम को कार ने मारी टक्कर, मौत

गुड इवनिंग, सिमरोल

क्षेत्र के ग्राम घोसीखेड़ा में घर के बाहर अपनी डेढ साल की बेटी को लेकर घूम रहे पिता को एक कार ने रौंद दिया। हादसे में पिता-बेटी की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार रात करीब नौ बजे घोसीखेड़ा निवासी अज्जु खान अपने घर के बाहर डेढ़ साल की बेटी को लेकर टहल रहे थे। तभी सिमरोल से जोशीगुराडिया की तरफ जा रही कार ने अचानक असंतुलित होकर पिता-बेटी को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद गाड़ी बिजली के खंभे से टकरा गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना में मासूम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं अज्जु ने इंदौर के अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। दोनों मृतकों का इंदौर के एमवाय अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। सिमरोल थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि मामले में एमवाय अस्पताल में मर्ग कायम किया गया है। डायरी मिलने के बाद मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# अर्जुन बाबुता स्वर्ण से चूके, भारत पदक तालिका में तीसरे स्थान पर

लीमा (पेरू), एजेंसी

**पेरिस ओलिंपिक में भाग ले चुके भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबुता यहां आईएसएसएफ विश्व कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि आर्या बोरसे महिलाओं की स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहीं। पिछले साल पेरिस ओलिंपिक में चौथे स्थान पर रहे बाबुता (252.3) रोमांचक फाइनल में मौजूदा ओलिंपिक चैंपियन चीन के शेंग लिहाओ (252.4) से सिर्फ 0.1 अंक से हार गए।**

विश्व कप में 40 से अधिक पदक जीत चुके हंगरी के निशानेबाज इस्तवान पेनी ने 229.8 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। फाइनल में कई स्टार निशानेबाज पहुंचे थे जिनमें मौजूदा विश्व चैंपियन और पेरिस ओलिंपिक के रजत पदक विजेता स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन, नॉर्वे के जॉन-हरमन हेग और भारत के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल शामिल थे।

भारत के पास दो पदक जीतने का मौका था, लेकिन दुर्भाग्य से तकनीकी खराबी के कारण पाटिल को जूरी ने अपना 11वां शॉट नहीं लेने दिया। इस तरह से यह भारतीय निशानेबाज पहले एलिमिनेशन चरण में हारकर आठवें स्थान पर रहा। फाइनल में बाबुता और पाटिल दोनों ने समान 10.1 के साथ मजबूत शुरूआत की। पाटिल ने पिछले सप्ताह ब्यूनस आयर्स में विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन इस बार भाग्य उनके साथ नहीं था और उन्हें फाइनल के शुरू बाहर होना पड़ा।



पाटिल के बाहर हो जाने के बावजूद बाबुता शांत रहे और उन्होंने 14वें शॉट के बाद पहली बार बढ़त ले ली। शेंग ने इसके बाद अच्छी वापसी की। बाबुता को एक समय 0.3 अंक की मामूली बढ़त हासिल थी लेकिन चीन के निशानेबाज में 10.9 अंक का निशाना साधकर बढ़त बना दी। बाबुता का अंतिम स्कोर 10.5 फिर से बढ़त हासिल करने के लिए पर्याप्त नहीं था, क्योंकि शेंग ने 10.3 के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम पक्का कर दिया।

इससे पहले क्वालीफिकेशन में बाबुता ने पहली रिले में 631.9 का मजबूत स्कोर बनाया, जबकि शेंग ने 635.0 के साथ सहजता से शीर्ष स्थान हासिल किया। पाटिल ने दूसरी रिले में 632.0 का स्कोर बनाकर ग्रुप का नेतृत्व किया और कुल मिलाकर तीसरा स्थान हासिल किया। भारत के हृदय हजारिका मामूली अंतर से फाइनल में जगह बनाने से चूक गए और 629.3 के स्कोर के साथ 10वें स्थान पर रहे।

आईएसएसएफ विश्व कप सर्किट के दूसरे चरण में 10 मीटर एयर राइफल महिला स्पर्धा में आर्या ने शनिवार को 633.9 का शानदार स्कोर बनाकर पांचवें स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। वह मौजूदा जूनियर विश्व चैंपियन और स्वर्ण पदक विजेता चीन की वांग ज़िफेई से पीछे रहीं। चीन की निशानेबाज ने इस दौरान तीन विश्व रिकॉर्ड बनाए। आर्या 24 शॉट के फाइनल के 18वें शॉट के बाद बाहर हो गईं। उनका स्कोर 188.1 था। चीन ने इस स्पर्धा में तीनों पदक जीते। हान जिया ने रजत जबकि फैन जिनी ने कांस्य पदक जीता। चीन ने इस तरह से तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। भारत अब दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य के साथ पदक तालिका में तीसरे स्थान पर है। उसने दूसरे स्थान पर काबिज अमेरिका से एक स्वर्ण पदक कम जीता है।

पुरुष ट्रैप में अनुभवी जोरावर संधू और महिलाओं की स्पर्धा में प्रगति दुबे ने 25-25 के पहले राउंड में शानदार शुरूआत की। जोरावर तीन राउंड के बाद 70 के स्कोर के साथ 21वें स्थान पर जबकि उनकी टीम के साथी पृथ्वीराज टोंडिमन और लक्ष्य श्योराण 69 के स्कोर के साथ क्रमशः 24वें और 25वें स्थान पर हैं। महिलाओं में राष्ट्रीय चैंपियन भव्या त्रिपाठी 69 (24,22,23) अंकों के साथ भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर जबकि प्रगति 68 अंकों के साथ नौवें स्थान पर हैं। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी नीरू 18वें स्थान पर हैं।

# हरप्रीत बराड़ को विराट ने पंजाबी में सिखाया सबक

मुल्लांपुर, एजेंसी

मुल्लांपुर के मैदान पर जब पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीमें आमने सामने थीं तो मैच के दौरान विराट कोहली और पंजाब के स्पिनर हरप्रीत बराड़ की एक छोटी सी तकरार चर्चा का विषय बन गई। हरप्रीत बराड़ जो कि अपनी हाजिर जवाबी के लिए जाने जाते हैं, अक्सर मैदान पर प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों से मजाक करते दिखते हैं। इस बीच जब विराट कोहली के साथ उन्होंने बातचीत की तो नॉन स्ट्राइक एंड पर खड़े विराट ने उनकी तरफ चेहरा घुमा लिया। कोहली ने कहा कि मैं 20 साल से उन्हें जानता हूं। मैं तेरे कोच को भी जानता हूं। इस पर बराड़ पर कहते हैं कि नहीं नहीं पाजी, मैं नॉर्मली पूछ रहा था। तभी कोहली बोलते हैं तुम्हारा हाथ ठीक हो गया। ऐसे स्टंप्स से नहीं डरना है। दोनों की बातचीत की वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर आई, वायरल हो गई।

हरप्रीत बराड़ को साल 2021 में अहमदाबाद के मैदान पर आरसीबी बनाम पंजाब मैच के दौरान चर्चा मिली थी। पंजाब के लिए गेंदबाजी करने आए हरप्रीत बराड़ ने लगातार दो गेंदों पर विराट कोहली (35) और ग्लेन मैक्सवेल (0) के विकेट निकाले




थे। तब वह ऐसा करने वाले पहले गेंदबाज थे। इसी मैच में हरप्रीत ने एबी डिविलियर्स को भी 3 रन पर आउट किया था। पंजाब ने उक्त मुकाबले में केएल राहुल के 57 गेंदों पर 7 चौके और 5 छक्कों की मदद से 91 रन बनाए और क्रिस गेल ने 46 रन बनाकर स्कोर 179 तक पहुंचाया था। जवाब में आरसीबी की टीम 145 रन ही बना सकी थी।

**पंजाबी मूल के हैं विराट कोहली :** विराट कोहली का पंजाबी मूल के ही हैं। उनके माता-पिता प्रेम कोहली और सरोज कोहली पंजाबी खत्री समुदाय से हैं। हालांकि, विराट का जन्म और पालन-पोषण दिल्ली में हुआ और वह दिल्ली को अपनी कर्मभूमि मानते हैं। उनके परिवार की जड़ें पंजाब से जुड़ी हैं, जो उनकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में पंजाबी प्रभाव को दशार्ता है।

**आरसीबी को मिली जीत :** मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आरसीबी ने पहले गेंदबाजी चुनी। पंजाब किंग्स ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 157 रन बनाए। शशांक सिंह और प्रभसिमरन सिंह ने उपयोगी पारियां खेलीं, लेकिन सुयाश शर्मा और क्रुणाल पांड्या की स्पिन गेंदबाजी के साथ जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार की शानदार डेथ बॉलिंग ने पंजाब को बड़ा स्कोर बनाने से रोका। जवाब में आरसीबी ने 18.5 ओवर में 159/3 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विराट कोहली ने 54 गेंदों में नाबाद 73 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें उन्होंने डेविड वॉर्नर का सबसे ज्यादा 50+ स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा। देवदत्त पडिक्कल ने 35 गेंदों में 61 रन बनाए। जीतेश शर्मा ने अंत में तेजी से रन बनाकर मैच समाप्त किया। कोहली को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## 44वां ग्रीष्मकालीन बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर 26 अप्रैल से नेहरू स्टेडियम में

**इंदौर।** इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन द्वारा आयोजित 44वां ग्रीष्मकालीन जूनियर बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर नेहरू स्टेडियम बैडमिंटन हॉल में 26 अप्रैल से 16 मई तक आयोजित किया जा रहा है। इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन यह शिविर प्रति वर्ष आयोजित करता है।



इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन सचिव आरपी सिंह नैयर ने बताया कि शिविर सुबह और शाम दो सत्रों में लगेगा। शिविर के लिए सुधांशु व्यास, मनीष त्रिवेदी और रूबी नैयर से नेहरू स्टेडियम बैडमिंटन हाल एवं कार्यालय में सुबह 8 से 10 तथा शाम 4 से 8 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है। शिविर के अंत में शिविरार्थियों के लिए बैडमिंटन स्पर्धा भी आयोजित की जाएगी।

संपादकीय

# टकराव बढ़ेगा, एससी पर उपराष्ट्रपति धनखड़ की टिप्पणियां



**उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की सुप्रीम कोर्ट पर टिप्पणियों ने न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच टकराव को उजागर किया है। उन्होंने जजों की नियुक्ति और संविधान की व्याख्या जैसे मुद्दों पर असहमति जताई, जिससे संवैधानिक संकट की आशंका बढ़ गई है। उनकी टिप्पणियों ने जनता में भ्रम और अविश्वास का माहौल पैदा किया है।**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की सुप्रीम कोर्ट पर की गई टिप्पणियों ने कार्यपालिका और विधायिका के बीच के टकराव को सार्वजनिक कर दिया है। जजों की नियुक्ति का मामला हो या संविधान की व्याख्या -मतभेद पहले भी रहे हैं। लेकिन, पहली बार संवैधानिक पद पर बैठे किसी जिम्मेदार ने इतनी तल्ख बातें की हैं। जिस मंच का इस्तेमाल किया गया, वह भी सही नहीं था। इससे किसी बदलाव की उम्मीद कम, बेकार की बहस बढ़ने का अंदेशा ज्यादा है।

**फैसले का संदर्भ :** शीर्ष अदालत ने हाल में एक मामले की सुनवाई करते हुए राज्यपालों के अलावा राष्ट्रपति के लिए भी विधेयक पास करने की समय-सीमा तय कर दी है। उपराष्ट्रपति की टिप्पणियां उसी संदर्भ में थीं। उनका सबसे सख्त ऐतराज इस पर बात पर रहा कि सुप्रीम कोर्ट देश के राष्ट्रपति को निर्देश नहीं दे सकता। धनखड़ संवैधानिक पद पर हैं और जब वह ऐसी बात करते हैं, तो टकराव बढ़ता है।

**पूर्ण न्याय का रास्ता:** उपराष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 142 को लोकतांत्रिक ताकतों के खिलाफ न्यूक्लियर मिसाइल बताया है। यह अनुच्छेद एससी को विशेष अधिकार देता है। जब पूर्ण न्याय के लिए कोई और रास्ता नहीं बचता, तब सुप्रीम अदालत इस अनुच्छेद से मिली पूर्ण शक्तियों का इस्तेमाल करती है। इसे किसी संवैधानिक संस्था के खिलाफ हथियार नहीं कहा जा सकता, बल्कि यह उम्मीद का दरवाजा है।

**संवैधानिक टकराव:** उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट को 'सुपर संसद' कहा, अनुच्छेद 145 (3) में संशोधन की वकालत की। यह अनुच्छेद तय करता है कि संविधान से जुड़े मामलों पर सुप्रीम कोर्ट की पीठ का गठन किस तरह किया जाएगा। ऐसे में इस तरह की टिप्पणियां जनता में भ्रम पैदा कर सकती हैं, अविश्वास का माहौल बनता है।

**जवाबदेही की चिंता:** उपराष्ट्रपति की कुछ चिंताएं अपनी जगह सही हैं। उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट के एक न्यायाधीश के घर से मिले नोटों के जले हुए बंडल का जिक्र किया और जवाबदेही की बात उठाई। देश के नागरिक के तौर पर उनकी चिंता और सवाल जायज हो सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट को ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिससे पारदर्शिता बढ़े और न्यायपालिका पर भरोसा कायम रहे। हालांकि बतौर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपनी टिप्पणियों से बच सकते थे। आज के राजनीतिक माहौल में उनसे ज्यादा संतुलित व्यवहार की अपेक्षा की जाती है।

## श्रीराम स्पोर्ट्स की महू स्पोर्ट्स पर बड़ी जीत

**इंदौर।** अंश डांगी और युवराज जायसवाल के शानदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीराम स्पोर्ट्स ने आईडीसीए के तत्वावधान में श्रीराम स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित सतीशचन्द्र गोठी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा में महू स्पोर्ट्स को 147 रनों से हराया। श्रीराम स्पोर्ट्स ने पहले खेलते हुए 40 ओवर में 6 विकेट पर 241 रनों का स्कोर बनाया। अंश डांगी ने 60 एवं युवराज जायसवाल ने 64 रनों का योगदान दिया। जवाब में महू स्पोर्ट्स की टीम 28 ओवर में 94 रनों पर सिमट ही गई। अनन्य मंडलोई ने सर्वाधिक 45 रनों को योगदान दिया। अंश डांगी ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए 5 तथा युवराज जायसवाल ने 3 विकेट लिए।

## गुजरात टाइटंस के कप्तान गिल पर लगा जुर्माना

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में धीमे ओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि शुभमन गिल पर आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत धीमें ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया है। आईपीएल ने बयान में कहा, चूंकि यह इस सत्र में उनकी टीम का पहला अपराध था, इसलिए आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत, जो न्यूनतम ओवर रेट अपराधों से संबंधित है, गिल पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

## बीसीसीआई ने दिखाया बाहर का रास्ता तो केकेआर के कोच बन गए अभिषेक

नई दिल्ली, एजेंसी

टीम इंडिया के कोचिंग स्टाफ रहे अभिषेक नायर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में वापस आ गए हैं, जबकि कई रिपोर्ट्स में कहा गया है कि पूर्व भारतीय बल्लेबाज को इस साल की शुरूआत में बॉर्डर-गावसकर ट्रॉफी के दौरान टीम के खराब प्रदर्शन के बाद राष्ट्रीय टीम के बल्लेबाजी कोच के पद से हटा दिया गया है। हालांकि अब तक बीसीसीआई ने इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। बीजीटी में भारत को पर्थ में पहले टेस्ट में जीत के बाद 1-0 की बढ़त गंवाते हुए, विदेशी सीरीज में 3-1 से हार का सामना करना पड़ा था। नायर ने पिछले सीजन में केकेआर के साथ गौतम गंभीर के साथ काम किया था। वह एक बार फिर इस टीम के सहायक कोच बनकर आए हैं।



**8 महीने में ही हो गई अभिषेक नायर की छुट्टी :** एक रिपोर्ट के अनुसार, नायर को टीम इंडिया के सहायक कोच के पद से महज 8 महीने बाद ही मुक्त कर दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई ने अभी तक इस फैसले की आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन टीम के सहयोगी स्टाफ के एक प्रमुख सदस्य के साथ मतभेद की जोरदार चर्चा के बीच यह फैसला लिया गया है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, भारत की हाल की टेस्ट सीरीज में हार (न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ) पर मंथन शुरू कर दिया है लेकिन बीसीसीआई में यह भी महसूस किया जा रहा है कि सहयोगी स्टाफ के एक महत्वपूर्ण सदस्य और एक वरिष्ठ स्टार खिलाड़ी के बीच चल रही खींचतान में नायर बलि का बकरा बन गए। सहायक कोच को हटाया जाना कोई अलग घटना नहीं है। फील्डिंग कोच टी दिलीप और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई के भी पद से हटने की उम्मीद है, जिन्होंने अपनी-अपनी भूमिकाओं में तीन साल से ज्यादा का कार्यकाल पूरा कर लिया है। यह बीसीसीआई की नई लागू की गई एसओपी के साथ मेल खाता है, जो सहायक कर्मचारियों के कार्यकाल को अधिकतम तीन साल तक सीमित करता है। इस बीच, भारत के पहले स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच एड्रियन ले रॉक्स की वापसी की संभावना है।

# जय, दिव्यांश और जुल्फीकार मुख्य दौर में



गुड इवनिंग, इंदौर

मध्यप्रदेश के जय बागानी, दिव्यांष टोके और मोहम्मद जुल्फीकार ने मध्य प्रदेश टेनिस संघ द्वारा इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित क्वींस कॉलेज ऑल इंडिया टेलेन्ट सीरीज जूनियर टेनिस प्रतियोगिता के बालक 14 वर्ष आयु वर्ग के मुख्य दौर में जगह बना ली है।

बालक 14 वर्ष आयु वर्ग के फाइनल क्वालिफाइंग राउण्ड में जय बागानी (म.प्र.) ने कपीश अग्रवाल (म.प्र.) को 6-0, 6-4 से, दिव्यांश टोके (म.प्र.) ने मितांत झामनानी (म.प्र.) को 6-1, 6-3 से, मोहम्मद जुल्फीकार (म.प्र.) ने सौरीश गुप्ता (म.प्र.) को 6-3, 6-4 से तथा विहॉन नवाब (म.प्र.) ने हेमांग बरना (राजस्थान) को 6-2, 6-0 से पराजित किया। अन्य मुकाबलों में मोहम्मद आरिज खान (म.प्र.) ने शिवम ठाकुर (म.प्र) को 6-0, 6-0 से, अदविक गरू (म.प्र.) ने अर्जुन धर्माधिकारी (म.प्र) को 7-5, 6-1 से, विहान अग्रवाल (म.प्र.) ने पार्थ खण्डेलवाल (म.प्र) को 6-1, 6-0 से और गौरांग गंगराड़े (म.प्र.) ने रेयांश पटेल (राजस्थान) को 6-1, 6-1 से मात दी।





### आरोपियों ने लगाए 'सर तन से जुदा' के नारे, बजरंगियों ने घेरा थाना

# वाटर पार्क में हिंदू युवती से अश्लील हरकत, दो गिरफ्तार






**गुड इवनिंग, इंदौर**

शहर के बायपास स्थित एक वाटर पार्क में हिंदू युवती के साथ अश्लील हरकते करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद हिंदू संगठन के कार्यकर्ता थाने पहुंचे और दोनों की पकड़कर पिटाई कर दी। थाने का घेराव करने पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया। घटना बिचौली स्थित मयंक ब्ल्यू वाटर पार्क में दोपहर करीब 4 बजे की है। वाटर पार्क में 4 से 5 मुस्लिम युवक हिंदू युवतियों से छेड़छाड़ के साथ अश्लील हरकतें कर रहे थे। जब युवतियों ने इसका विरोध किया तो युवक जोर-जोर से इस्लामिक नारे लगाए जाने लगे और कहने लगे 'गुस्ताख-ए-नबी की एक ही सजा, सर तन से जुदा, सर तन से जुदा।'

**युवतियों को बनाते हैं निशाना**- आरोपितों की पहचान कटकटपुरा निवासी सोहेल खान और सादिक खान के रूप में हुई है। एक आरोपी फैजान फरार हो गया। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि आरोपित शराब के नशे में थे। उनका आरोप है कि ऐसे कई मुस्लिम युवा हैं, जो पिकनिक स्पॉट, वाटरपार्क, होटलों में हिंदू युवतियों को निशाना बनाते हैं।

### दो बदमाश चेंजिंग रूम में पकड़े गए

आरोपियों ने हिंदू देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी की और पूल में कूद गए। युवतियों में से एक पीड़िता के पति ने हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को कॉल लगाकर बुलाया। जब वहां हिंदू संगठन के लोग पहुंचे तो कुछ युवक भाग खड़े हुए तो कुछ वाटर पार्क के अंदर बने चेंजिंग रूम में जाकर छिप गए। वहां से दो बदमाशों को पकड़ लिया गया। बड़ा विवाद होता देख वाटर पार्क वालों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। तुरंत दल-बल के साथ मौके पर पहुंचकर पुलिस ने छिपे मुस्लिम युवकों को बाहर निकाला। घटना की जानकारी लगते ही बजरंग दल के जिला संयोजक लक्की रघुवंशी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंचे और जमकर आक्रोश जताया। पुलिस प्रशासन से कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। थाना पर मौजूद एसीपी ने आश्वासन दिया कि घटना में शामिल सभी युवकों पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मौके पर लक्की रघुवंशी, विजय पटेल, राकेश चौहान, कौशल ठाकुर, शुभम चौहान, यशवंत गौर, कुलदीप शर्मा, बलदेव लोदवाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# आईआईटी इंदौर में पेड़ों की कटाई पर बढ़ा विवाद


फाइल फोटो

**गुड इवनिंग, इंदौर**

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), इंदौर में हरे-भरे पेड़ों की कटाई को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। परिसर में पाथ-वे निर्माण के लिए हो रही पेड़ों की छंटाई का विरोध करते हुए संस्थान के प्रोफेसरों ने 'सेव ट्री कैंपेन' की शुरूआत कर दी है। जब प्रोफेसरों का प्रतिनिधिमंडल डायरेक्टर प्रो. सुहास जोशी से मिला और उन्होंने उनकी बात सुनने से इनकार कर दिया, तो मामला और गंभीर हो गया। इसके बाद नाराज प्रोफेसरों ने आईआईटी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन को थोकबंद ई-मेल भेजकर इस पर शिकायत दर्ज करवाई। विवाद गहराने के कारण फिलहाल पाथ-वे का निर्माण कार्य रोक दिया गया है।

**फैकल्टी में उठा विरोध का स्वर** -जैसे ही पेड़ों की छंटाई का काम शुरू हुआ, फैकल्टी फोरम के सदस्य सक्रिय हो गए और उन्होंने इसका कड़ा विरोध दर्ज कराया। उन्होंने सबसे पहले डायरेक्टर से मिलने का प्रयास किया, लेकिन जब उनकी बात नहीं सुनी गई, तो यह नाराजगी और भी बढ़ गई। इसके बाद सभी सदस्यों ने एकजुट होकर बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन को ई-मेल भेजे और पूरे मामले की शिकायत की। यह स्थिति अब पूरे आईआईटी कैंपस में चर्चा का विषय बन गई है और पर्यावरण संरक्षण की भावना के साथ फैकल्टी सदस्य एकजुट हो रहे हैं।

### प्रबंधन की सफाई: केवल आवश्यक छंटाई की गई

आईआईटी प्रशासन ने इस विवाद पर सफाई देते हुए कहा है कि पाथ-वे का निर्माण छात्रावासों, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और मेस के बीच हर मौसम में सुविधाजनक आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है। प्रबंधन का दावा है कि किसी भी पेड़ को न तो उखाड़ा गया है और न ही पूरी तरह हटाया गया है। जहां आवश्यक समझा गया, वहीं केवल थोड़ी बहुत छंटाई की गई है। प्रबंधन ने यह भी आश्वासन दिया कि हरियाली को बचाने के लिए सभी एहतियात बरते जा रहे हैं।

### वन वाटिका की योजना

आईआईटी इंदौर वह एकमात्र संस्थान है जिसे पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 'कैम्पा' (राष्ट्रीय प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण) के तहत नगर वन परियोजना के लिए चुना है। परिसर में हरियाली सहेजने के उद्देश्य से वन वाटिका की योजना बनाई गई है, जिसके लिए 1.98 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। लेकिन विडंबना यह है कि इसी संस्थान के एक प्रोजेक्ट के कारण अब हरियाली खतरे में पड़ गई है। पाथ-वे निर्माण के लिए बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई की योजना है, जिससे विरोध तेज हो गया है।

### 13 वर्षीय बच्चे से हरकत, आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर की एमआइजी पुलिस ने 13 वर्षीय बच्चे से अश्लील हरकतें करने के आरोप में हाउसिंग बिल्डिंग रोड नेहरूनगर निवासी अनिल गायकवाड़ को गिरफ्तार किया है। टीआइ सीबी सिंह के मुताबिक आरोपित ने बच्चे को रूम में बंद कर लिया था। करीब 15 मिनट बाद छूटकर बच्चे ने मां को घटना बताई। रविवार को बच्चे के कथन लेकर अनिल को गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध पाक्सो एक्ट में केस दर्ज किया है।

## जिलाबदर होने के बाद भी घूम रहा था, गिरफ्तार

### देपालपुर पुलिस ने कोर्ट में किया पेश, भेजा जेल

**गुड इवनिंग, देपालपुर**



पुलिस अधीक्षक इंदौर ग्रामीण हितिका वासल के निर्देशन में चल रहे अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत देपालपुर पुलिस ने जिला बदर आरोपी मोहम्मद बिलाल को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी रणजीत सिंह बघेल को सूचना मिली थी कि मोहम्मद बिलाल (पिता शमीमुद्दीन उर्फ अबरार अली, उम्र 34, निवासी ग्राम मुंदीपुर) गौतमपुरा-देपालपुर रोड स्थित गोकलपुर कुटी के पास चाय की दुकान पर खड़ा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को मौके से दबोच लिया। आरोपी के विरुद्ध 24 फरवरी को इंदौर सहित उज्जैन, देवास, धार व खंडवा जिलों की सीमाओं से छह माह के लिए निष्कासन आदेश पारित हुआ था। बावजूद इसके वह 19 अप्रैल को देपालपुर क्षेत्र में पाया गया। आरोपी के विरुद्ध राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 व 15 के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट तैयार कर उप जेल देपालपुर भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रणजीत सिंह बघेल का नेतृत्व अत्यंत सराहनीय रहा। उनकी तत्परता और सूझबूझ से आरोपी की समय रहते गिरफ्तारी संभव हो सकी। टीम में सउनि कृष्ण कुमार राय, खुफिया तंत्र से राजपाल गुर्जर, आरक्षक विजय सिंह तोमर और देवेन्द्र गुर्जर का भी उल्लेखनीय योगदान रहा।

### ऑनलाइन ठगी मामले का 17वां आरोपी गिरफ्तार



इंदौर। पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट मामले (ऑनलाइन ठगी प्रकरण) में 17वें आरोपी को नार्थ 24 परगना (पश्चिम बंगाल) से गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## डंपर के पहिए में फंसे पति-पत्नी, लोगों ने निकाला

**गुड इवनिंग, इंदौर**

शहर के जिंसी चौराहे पर रविवार शाम को डंपर ने एक्टिवा सवार दंपति को रौंद दिया। दोनों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया है। दोनों घायल डंपर के पहिए में दबे हुए थे। उन्हें बचाने के लिए क्षेत्र के रहवासी आगे आए। 60 से ज्यादा रहवासियों ने डंपर को उठाया और पहिये के नीचे से घायलों को बाहर निकाला। लेकिन, दंपति की हालत गंभीर बनी हुई है। घनी बसाहट वाले क्षेत्र में निगम के डंपर की आवाजाही से लोगों में नाराजगी भी है। उनका कहना है पहले भी यहां हादसे हो चुके हैं। घटना रविवार दोपहर की है। एक्टिवा पर सवार दंपति सुभाष चौक से रामबाग की तरफ जा रहे थे। तभी पीछे से आ रहे डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। दोनों दंपति डंपर के पहिये में एक्टिवा सहित फंस गए। हादसे के बाद डंपर को लोगों ने घेर लिया। पिटाई के डर से डंपर चालक भाग गया। लोगों ने देखा कि पहिए में फंसे दंपति जिंदा है, लेकिन क्रेन बुलाने तक उनकी हालत बिगड़ सकती है।

इसके बाद मौजूद रहवासियों ने तय किया कि वे डंपर को एक तरफ से उठाकर घायलों को पहिए के नीचे से निकालेंगे। अन्य रहवासी भी जुट गए और डंपर को एक तरफ से दो फीट तक उठाने में सफल रहे। कुछ लोगों ने घायल दंपति को निकाला। तब तक वहां एक वाहन को रोका लिया गया और घायलों को पास के अस्पताल में पहुंचाया। मौके पर कुछ देर बाद पुलिस पहुंची, तब तक घायल अस्पताल पहुंच गए थे। पुलिस ने डंपर जब्त कर लिया है।





### चंदन नगर थाना क्षेत्र की लक्ष्मीनगर कॉलोनी का मामला

## असामाजिक तत्वों ने मंदिर के लाउडस्पीकर के वायर काटे





**गुड इवनिंग, इंदौर**

शहर के चंदन नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली न्यू लक्ष्मी नगर कॉलोनी में कल दोपहर हंगामा हो गया।

जिला सह मंत्री ईश्वर प्रजापत ने बताया कि भू-माफिया जफर खान की कॉलोनी में करीब 200 से अधिक हिंदू परिवार रहते हैं, जहां भगवान महादेव और हनुमान जी का मंदिर बहुत पुराना है। कई वर्षों से मंदिर पर लाउडस्पीकर लगे हैं, जिनमें सुबह-शाम भजन बजाए जाते हैं। कल दोपहर को नासिर और राजा ने लाउडस्पीकरों के तार काट दिए। जब रहवासियों ने इसका विरोध किया तो कहने लगे कि हमें हिंदू धर्म के भजन सुनने में परेशानी होती है। राजा और नासिर की कट्टरपंथी सोच के चलते वहां माहौल गर्मा गया। घटना की जानकारी तुरंत कुछ निवासियों ने बजरंग दल के तन्नू शर्मा को दी, जिसके बाद बड़ी संख्या में बजरंग दल कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और मामले को संज्ञान में लिया गया।

**बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने दी चेतावनी**-बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा थाने पर पहुंचकर मामले की शिकायत की गई, जिसके बाद तुरंत तार जोड़ दिए गए। बजरंग दल ने चेतावनी दी कि अगर इस प्रकार की घटना अगली बार कट्टरपंथियों द्वारा की गई तो बजरंग दल अपनी कार्यशैली में जवाब देगा।

**बसाए जा रहे हैं बाहरी मुस्लिम**- बताया जा रहा है कि चंदन नगर के आसपास मुस्लिम भू-माफियाओं द्वारा बड़ी संख्या में बाहरी मुस्लिम लोगों को बसाया जा रहा है ताकि हिंदू समाज के लोगों को पलायन के लिए मजबूर किया जा सके।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव धाम** द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग लून, 22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं सफायर ट्विन्स, 102 फर्स्ट फ्लोर, पीयू 3, विजयनगर, एबी रोड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित। फोन: 0731-4000244
आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2017/72473 डाक पंजीयन क्रमांक- MP/IDC/1550/2020-2022, **प्रधान संपादक : राजीव धाम, एग्जीक्यूटिव संपादक गिरिराज सिकरवार**, स्थानीय संपादक : **कमलेश गुरु** *, (*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।